52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.6°c | अधिकतम 35.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:08 सूर्यास्त : 6:14 | वर्ष : 52/ अंक : 264 | सोमवार, 23 सितम्बर 2024 | अश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

समझदार व्यक्ति हमेशा खुद की प्रशंसा ना सुनकर बुराइयाँ सुनना पसंद करता है।

आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं : अमित शाह

इसका मतलब... बातचीत नहीं होगी....

ये है मुजफ्फरनगर, नहीं दिया तम्बाकू तो कर दी हत्या

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरथल में शनिवार की देर रात बेरहमी से पचास वर्षीय अधेड़ व्यक्ति राजबीर की हत्या कर दी गयी। दिन निकला तो घटना की चर्चा पूरे जिले में होती दिखाई दी, जब यह पता किया गया कि आखिर राजबीर की हत्या किस मामले में की गयी है तो लोग सुनकर खुद यह कहने लगे कि शायद अब धीरे-धीरे मुजफ्फरनगर पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है। दरअसल देर रात तीन लोग शराब के नशे में धुत्त टिल्लू, दीपक, मंगू राजबीर के घर पहुंचे और उसका दरवाजा जोर जोर से खटखटाया। इसके बाद उसकी पत्नी कविता ने दरवाजा खोला तो उससे कुबेर नाम तम्बाकू की मांग की गयी। देर रात को सामान देने से पत्नी ने मना किया तो आरोप है कि तीनों लोग भाला लेकर आए और बेरहमी से उसके पति राजबीर की हत्या कर डाली। इसी के साथ साथ राजबीर की पत्नी के रोकने पर उससे भी मारपीट की गयी। घटना की सूचना पर सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह रात्रि में ही 11:30 बजे मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच करते हुए राजबीर के शव को नजदीकी सीएचसी भेजा गया जहां उपचार के दौरान राजबीर की मौत हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। सीओ बुढ़ाना ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामले में तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 115 (2), 352, 103(1) में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही उक्त तीनों की गिरफ्तारी की जाएगी।

पत्नी बोली-जिस तरह उसके पति को मारा गया, उसी तरह आरोपियों को भी निपटाया जाये

मुजफ्फरनगर। जब पुलिस और मीडिया ने मृतक राजबीर की पत्नी कविता से यह सवाल किया कि वह अपने पति की हत्या के बाद किस तरह के न्याय की उम्मीद पुलिस से करती हैं तो पत्नी ने कहा कि ना मुझे रुपया चाहिए और न जायदाद वह चाहती है कि जिस तरह से उसके पति की निर्मम हत्या की गयी है, बदले में उक्त तीनों आरोपियों की भी इसी तरह हत्या की जाये। तभी आरोपियों को एहसास होगा कि किस तरह से सिर्फ एक मामूली सी बात पर किसी का आदमी खत्म कर दिया जाता है।

खून से सनी मिली सड़क

मुजफ्फरनगर। उक्त घटना के बाद लगभग सड़क खून से सनी मिली । बुढ़ाना में राजबीर की हत्या के मामले में हैरान कर देने वाली बात यह है कि मृतक के घर के बाहर की गली पूरी तरह से खून से लथपथ दिखाई दी। पुलिस ने खून से सनी इस सड़क को चोरों ओर से ईंटे लगाकर जांच करने के लिए चिह्नित किया। इस मामले में सड़क से खून का सैम्पल भी लिया गया, जिससे यह ज्ञात हो सके कि आखिर उक्त खून किन किन लोगों का है। ऐसा भी हो सकता है कि तीनों आरोपियों का विरोध करने पर बदले में परिवार ने भी कोई हाथापाई की हो, मगर इस बात का पता जांच के बाद ही लग पाएगा।

शव तहसील परिसर में रखकर कश्यप समाज ने किया हंगामा

▸ एडीएम और एसपी ने धरना कराया समाप्त

मृतक राजबीर का फाइल फोटो

बुढ़ाना, 22 सितम्बर (बु.)। पोस्टमार्टम होने के बाद कुरथल के राजवीर कश्यप के शव को गांव कुरथल में नहीं ले जाया गया, बल्कि तहसील परिसर में रखकर धरना प्रदर्शन और हंगामा किया गया। कश्यप समाज बुढ़ाना की खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप और महर्षि कश्यप एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सुशील कश्यप का कहना था कि जब तक तीनों हत्यारे गिरफ्तार नहीं हो जाते, मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा नहीं मिल जाता, जब तक कोर्ट में हत्या का केस चले तब तक मृतक के परिवार की सुरक्षा, धरने पर डीएम एसएसपी को बुलाए जाने, मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, इससे पहले कश्यप समाज के कई लोगों की समय समय पर हत्याएं हुई उनके परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग की गयी। एसडीएम राजकुमार भारती, सीओ गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल आनंद देव मिश्र सबको समझाने-बुझाने में लगे रहे लेकिन कश्यप समाज नहीं माना। तब देर रात एडीएम गजेंद्र सिंह और एसपी देहात आदित्य बंसल धरने पर पहुंचे और सबको शांत कर आश्वासन देते हुए धरना समाप्त कराया। बाद में देर रात गांव कुरथल में शव को ले जाकर राजबीर का अंतिम संस्कार किया गया। यहां भाजपा नेता देवेंद्र सिंह कश्यप भी मौजूद रहे।

मजदूर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। फुगाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव खरड़ में एक युवक

की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। बताया गया है कि शामली के अलीनगर गांव का निवासी 30 वर्षीय बलराम कश्यप पुत्र रामभजन कश्यप खरड गांव में गुड़ की भट्टी पर काम करता था। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

दर्जनों फायरिंग से अफरा तफरी

पुरकाजी। पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव दादूपुर में शुक्रवार की रात्रि में दो पक्षों में विवाद के चलते दर्जनों फायरिंग करने से गांव में अफरा-तफरी मच गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों हरजिन्दर व सुखविन्दर को मौके से गिरफ्तार कर लिया तथा दो तमंचे व दो जिन्दा कारतूस व खोखे बरामद किये। पुलिस ने दोनों का सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

डिवाइडर से टकराई बाइक, बुजुर्ग की मौत

पुरकाजी, 22 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के कैल्लनपुर निवासी 70 वर्षीय सतपाल अपने गांव के उमेश की बाइक पर बैठकर मुजफ्फरनगर से अपने गांव आ रहा था। पुरकाजी बिजलीघर के सामने बाइक पुराने हाइवे पर बने डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें दोनों व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पुलिस व एम्बूलेंस मौके पर पहुंची और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने सतपाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन भी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

प्रदेश के इन सरकारी कर्मचारियों की रुक सकती है सितंबर माह की सेलेरी

लखनऊ, 22 सितंबर (एजेंसी)। चल-अचल संपत्ति का ब्योरा न देने वाले राज्य कर्मचारियों के साथ ही अब उनके आहर-वितरण अधिकारी (डीडीओ) का भी वेतन रोका जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने नया शासनादेश जारी कर दिया है। मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति की घोषणा की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। अभी तक 84 हजार राज्य कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का खुलासा नहीं किया है। जारी शासनादेश के अनुसार, राज्य कर्मियों को पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा दर्ज करने के लिए 30 सितंबर तक अंतिम अवसर दिया गया है। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि संपत्ति का ब्योरा देने वाले राज्य के कर्मचारियों और अधिकारियों को ही सितंबर का वेतन मिलेगा। लेकिन, 12 सितंबर तक 844374 में से 719807 कर्मचारियों-अधिकारियों ने ही अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। यहां बता दें कि शासनादेश में 12 सितंबर तक के उपलब्ध आंकड़े लिए गए हैं, जबकि शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक 22 सितंबर तक करीब 90 फीसदी कर्मी पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा दे चुके हैं।

इस दिन बंद होंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

ज्योतिर्मठ, 22 सितंबर (एजेंसी)। हेमकुंड साहिब की यात्रा अब अंतिम दौर में है। 10 अक्तूबर को हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होंगे। ऐसे में गुरुद्वारा श्रीहेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से हेमकुंड आने वाले श्रद्धालुओं से समय से प्लान बनाकर आने की अपील की।

बंद पड़ी लाइटें, अंधेर नगरी बना मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। अंधेर नगरी और .... नगर में स्ट्रीट लाइट को लेकर पालिका के बड़े खर्च के बावजूद नगर में स्ट्रीट लाइट की स्थिति यह है कि शहर में तीन फ्लाई ओवरों पर अंधेरा है। जानसठ रोड और भोपा रोड के पुलों पर स्ट्रीट लाइट पूरी तरह से ठप हैं। गांधी कॉलोनी पुल पर आधी लाइटें मुस्कुराती हैं और आधी खामोश रहती हैं। ऐसे में इन महत्वपूर्ण पुलों पर अंधेरा छाया रहता है।

भारी भरकम बजट होने के बावजूद शहर की स्ट्रीट लाइटों की स्थिति बेहद खराब है। कुछ मुख्य मार्गों को छोड़ दें तो शहर के तमाम इलाकों में स्ट्रीट लाइट की स्थिति बेहद खराब है। पालिका की बैठक में स्ट्रीट लाइट के नाम बंदर बांट तो होती है, लेकिन पालिका की इसे लेकर कोई प्राथमिकता तय नहीं है। इसका नतीजा है कि तमाम मुहल्लों के साथ पुलों पर कोई ध्यान नहीं है। जानसठ रोड पुल पर विगत लंबे समय से अंधेरा छाया है। यहां स्ट्रीट लाइट पूरी तरह ठप है। भोपा रोड पर काफी समय से स्ट्रीट लाइट काफी समय से बंद है। यहां पालिका पुरानी खस्ता हाल फुटपाथ को तोड़कर नए सिरे से इसे बनवा रही है। इसमें कितनी गुणवत्ता है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बने हुए फुटपाथ की रोडियां एक बारिश में ही बिखरने लगी थीं। इसके बाद पालिका के ठेकेदारों ने लीपापोती कर फिर से उसकी मरम्मत कर दी। इस पुल पर लगे पोल को अब पहले एक साइड में लगा होने के बावजूद उन्हें हटाकर फुटपाथ पर बनाया जा रहा है। यह फुटपाथ पर आने जाने वालों के लिए मुसीबत बनने वाला है। इस निर्माण कार्य की गति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पालिका के ठेकेदारों ने फुटपाथ निर्माण के लिए लाई गई सामग्री सड़क पर बिखेर दी है। चलती सड़क पर पड़ी रोडियां सड़क पर इस तरह फैली हैं कि कई वाहन इनके ऊपर आकर फिसल रहे हैं और लोग चोट खाते हुए व्यवस्था को गाली देते हुए जा रहे हैं। खासतौर से शाम होते ही जब पुल पर अंधेरा हो जाता है तो वहां बिखरी रोड़ियों पर दो पहिया वाहन और ई रिक्शा पलट जाती हैं। इसमें लोगों को चोटें भी आ रही हैं। रात में अंधेरा आम लोगों के लिए मुसीबत बन रहा है।

अलमासपुर चौराहे की बात करें तो यहां हाईमास्ट लाइट कई माह पूर्व उतार दी गई थी। सड़क के चौड़ीकरण और चौराहे के सौंदर्यकरण के नाम पर करीब एक साल पूर्व इस चौराहे पर लगे हाईमास्ट लाइट के खंभे को हटवा दिया गया था। इसके बाद से ना तो चौराहे का सौंदर्यकरण हुआ और ना ही वहां हाईमास्ट लाइट को वहां नहीं लगाया जा सका है। इस चौराहे के आसपास जो खंभे बदलने के लिए उखाड़े गए थे वे भी अभी नहीं लग पाए हैं। उखाड़े खंभे वहीं सड़क के किनारे पड़े हैं। इनके स्थान पर नए खंभे लगाने का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। ऐसे में अभी लंबे समय तक इस चौराहे को अंधेरे में डूबा रहना पड़ेगा। भोपा रोड पर पूरे डिवाइडर की लाइटें खामोश हैं। अनेक बार शिकायत के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंडी समिति रोड पर तो हमेशा अंधेरा ही रहता है। यह तो मुख्य मार्गों का हाल है। नगर के तमाम मुहल्लों में स्ट्रीट लाइट की स्थिति दयनीय है।

भरभराकर गिरा तीन मंजिला मकान, 300 कबूतरों की मौत

खतौली, 22 सितम्बर (बु.)। बीती रात नींव में पानी आने के कारण जर्जर हो रहा एक पुराना मकान जमींदोज होने से आस पड़ौस के लोगों में कोहराम मच गया। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, जबकि मकान में पाले जा रहे लगभग तीन सौ कबूतर मलबे में दफ्र हो गए। सूचना पर उपजिलाधिकारी सहित पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली के पीछे मौहल्ला मिट्ठूलाल लाल मौहम्मद, नवेद उर्फ जोंटी का तीन मंजिला पुराना मकान है। बताया जाता है कि पुराने मकान की नींव में वर्षा का पानी लगातार आने से मकान में जहां दरारें आ गयी थी वहीं शनिवार को दिन में नवेद के मकान कीदीवारं दरकना शुरू होने लगी थी। मकान की खस्ता स्थिति को लेकर जहां मकान से सभी सदस्य निकल गए थे वहीं आस पड़ौस के लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दे दी थी। बताया जाता है कि शनिवार की मध्य रात्रि में नवेद का जर्जर मकान अचानक धराशायी होने लगा, जिसको लेकर मौहल्ले के लोगों में अफरा तफरी मच गयी तथा कुछ ही पलों में तीन मंजिला मकान ताश के पत्तों की तरह ढहकर धराशायी हो गया। नागरिकों की जागरूकता के चलते जहां पूर्व में सचेत हो गयी परिजन सकुशल बच गए परन्तु मकान में पाले जा रहे लगभग तीन सौ कबूतर मलबे में दबकर दफ्र हो गए। मकान के धराशायी होने से मकान का मलब आसपास की गलियों में आने से लोगों का आवागमन भी प्रभावित हो गया। बताया जाता है कि मकान मालिक नवेद पतंग बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। घटना की सूचना मिले ही उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी, सीओ रामाशीष यादव, कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा तत्काल मौके पर पहुंचे जहां पीड़ित नवेद सहित मौहल्ले के लोगों द्वारा शासन स्तर पर पीड़ित को आर्थिक मदद की गुहार की गयी। इस दौरान घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ बनी रही। सायंकाल सांसद हरेन्द्र मलिक ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को आश्वासन दिया गया।

बुढ़ाना के आरक्षी अंकुर राठी ने नोएडा में की आत्महत्या

▸ सरकारी पिस्टल से खुद को मारी थी गोली
▸ नम आंखों के साथ में किया अंतिम संस्कार

बुढ़ाना, 22 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के शाहडब्बर निवासी आरक्षी अंकुर राठी ने नोएडा में सरकारी पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जैसे ही आज रविवार के दिन कांस्टेबल अंकुर राठी का शव उसके गांव शाहडब्बर में पहुंचा, तो परिजन बिलख पड़े। तब सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी मे नम आंखों से 30 वर्षीय अंकुर राठी का अंतिम संस्कार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के शाहडब्बर गांव निवासी अंकुर राठी ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाने में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। अंकुर ने बीती शनिवार की रात साढ़े 11 बजे थाने में ही अपने सरकारी पिस्टल से अपनी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर मौके पर पुलिसकर्मियों ने उसे अस्पताल भिजवाया। उन्होंने ये खौफनाक कदम थाने में बने सरकारी क्वार्टर में उठाया। शुरूआती जांच में पता चला है कि उन्होंने गंभीर पारिवारिक समस्याओं से जूझते हुए ये कदम उठाया है। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। अंकुर बीते 05 वर्ष से पुलिस सेवा में थे और अपनी कर्तव्य निष्ठा के लिए जाने जाते थे। पुलिस ने अंकुर की मौत की सूचना उनके परिवार को रात में ही दे दी थी और शव को पीएम के लिए भेज दिया था। अधिकारियों का कहना है कि मामले की पूरी जांच की जाएगी। पुलिस ने परिवार को पूरी मदद का आश्वासन दिया है। मौके से सरकारी पिस्टल को एविडेंस के लिए कलेक्ट कर लिया गया है। अंकुर के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। अंकुर 2016 बैच का कांस्टेबल था। घटना को लेकर गांव में शोक है।

मृतक का फाइल फोटो

अज्ञात शव पड़ा मिला

खतौली, 22 सितम्बर (बु.)। रविवार को निकटवर्ती गांव पमनावली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव कैलावड़ा में कांटे के निकट खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखकर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया तथा मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा कांटे व शराब के ठेके के पास मिले मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। मृतक की पहचान मोनू पुत्र मुकेश निवासी ग्राम खानपुर पुलिस चौकी पमनावली के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक शराब पीने का आदी था तथा वह चिनाई मिस्त्री का कार्य करता था। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

56 साल के अनुरा दिसानायके ने जीता चुनाव, श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति होंगे

कोलंबो, 22 सितंबर (एजेंसी)। नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के अनुरा कुमारा दिसानायके ने 2024 श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। वह देश के नौवें राष्ट्रपति होंगे। साल 2022 के विकट आर्थिक संकट के बाद पटरी पर लौट रहे द्वीप राष्ट्र में शनिवार को राष्ट्रपति पद के लिए वोट डाले गए थे। बाद में रात्रि कर्फ्यू के बीच मतगणना हुई। श्रीलंका के निर्वाचन आयोग के महानिदेशक समन श्री रत्नायका ने बताया था कि रविवार को अंतिम नतीजे आएंगे। महानिदेशक ने बताया कि देश के 22 निर्वाचन जिलों में मतदान के लिए 13,400 हजार से अधिक केंद्र बनाए गए थे। 1.7 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 75 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जो 2019 के राष्ट्रपति चुनाव के मुकाबले (83 फीसदी) 8 फीसदी कम है। बता दें कि यह चुनाव मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे (75) के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं थे, जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का दावा किया था। उन्हें नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के अनुरा कुमारा दिसानायके (56) व समागी जन बालावेगया (एसजेबी) के साजिथ प्रेमदासा (57) से कड़ी टक्कर मिलने की संभावना थी।

वक्फ संशोधन बिल को लेकर जेपीसी के पास पहुंचे एक करोड़ ई-मेल

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति को 1.2 करोड़ ई-मेल मिले हैं। इन ई-मेल में बिल के समर्थन और विरोध में लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। इसके अलावा समिति को 75 हजार से अधिक ऐसी प्रतिक्रियाएं मिली हैं, जिसमें दस्तावेज संलग्न किए गए हैं। इन प्रतिक्रियाओं को छांटने और जांच के लिए संसदीय समिति ने लोकसभा सचिवालय से अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग की। इसके लिए 15 अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया है।

राज्य कर्मचारियों को दीवाली से पहले बोनस और डीए वृद्धि की घोषणा

लखनऊ, 22 सितंबर (एजेंसी)। प्रदेश सरकार अपने कर्मियों के लिए दीवाली से पहले डीए और बोनस का उपहार दे सकती है। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के अनुसार, संबंधित फाइल तैयार की जा रही है। बोनस का लाभ करीब 8 लाख कर्मचारियों को मिलेगा, जबकि महंगाई भत्ता (डीए) वृद्धि के दायरे में 15 लाख राज्य कर्मी और शिक्षक आएंगे। डीए को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 54 प्रतिशत किया जाएगा। इसके लाभ की गणना जुलाई माह से की जाएगी। वहीं, बोनस की गणना बेसिक पे और डीए के आधार पर की जाती है। पिछले साल बोनस के रूप में राज्य कर्मियों को करीब 7 हजार रुपये मिले थे। नॉन गजेटेड अफसरों को बोनस दिए जाने का प्रावधान है।

विधान परिषद सभापति के निर्देश पर बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों की समस्याओं पर नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। इसमें तदर्थ शिक्षकों के वेतन, तैनाती व शिक्षा मित्रों के मानदेय मामले में सकारात्मक निर्णय लेने पर सहमति बनी। बैठक में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल व स्नातक विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय (एडेड कॉलेजों) के तदर्थ शिक्षकों के संबंध में 9 नवम्बर 2023 के आदेश को वापस लेने की बात कही। क्योंकि उसके बाद वेतन देने के लिए न्यायालय द्वारा निर्णय दिये जा रहें हैं किंतु विभाग इस पर कोई आदेश नही दे रहा है। उप मुख्यमंत्री ने पूछा कि ऐसे कितने लोग हैं। शिक्षक विधायक ने कहा कि लगभग 1200 लोग ही बचे है। इससे सरकार पर अलग से वित्तीय भार अलग से नहीं पड़ेगा। इस पर एक माह के अंदर निर्णय लेने की सहमत बनी । बैठक में 22 मार्च 2016 के आदेश के तहत विनियमित हुए शिक्षकों को पेंशन नहीं देने का मुद्दा उठाया। शिक्षक विधायक ने कहा कि इस पर तदर्थ, अर्हकारी सेवाएं जोड़ने के लिए कहा गया पर नहीं किया गया। उप मुख्यमंत्री ने इसका कारण पूंछा। इस पर भी एक महीने में निर्णय देने पर सहमत बनी। बैठक में शिक्षक नेताओं ने वर्ष 1981 से 2020 तक 40000 शिक्षकों-कर्मचारियों की बिजलेंस (सर्तकता) जांच का मुद्दा उठाया। इस पर कहा गया कि जिसकी शिकायत होती है, उसे बुलाकर पूंछा जाए। अनावश्यक सभी शिक्षक - कर्मचारियों को न परेशान किया जाए। यह भी मांग की गई कि इस संबंध में शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) इस संबंध में पत्र भी जारी करें। एमएलसी ने बताया कि राज्य शिक्षा सेवा चयन आयोग में सेवा सुरक्षा, दंड प्रक्रिया, निलंबन, अनुमोदन की नियमावली नहीं बनी। इस पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यह नियमावली बन रही है उसमे चयन बोर्ड नियमावली-1998 की धारा 12,18 व 21 जोड़ने पर सहमत बनी।

कानपुर में रेल ट्रैक पर फिर मिला गैस सिलेंडर

कानपुर देहात 22 सितंबर (वार्ता) उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में कानपुर सेंट्रल और प्रयागराज के बीच प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के पास रविवार भोर ट्रेन पलटाने की साजिश लोको पायलट की सजगता से विफल हो गयी जब एक पांच किलो का घरेलू सिलेंडर बीच पटरी पर रखा मिला। प्रयागराज मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि आज सुबह जिले के प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के पास एक घरेलू सिलेंडर पटरी पर रखा मिला। मालगाड़ी के चालक ने संदिग्ध चीज देख कर दूर से ही ट्रेन को नियंत्रित कर लिया और चंद मीटर दूर ट्रेन रुक गयी। लोको पायलट की सूचना पर राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और खुफिया एजेंसी के जवान मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। उन्होंने बताया कि घटना के कारण रेल संचालन पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। लोको पायलट की सूझबूझ और सजगता के चलते एक हादसा होने से बच गया। घटना की जांच के निर्देश दे दिये गये हैं। श्री त्रिपाठी ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं के मद्देनजर ट्रैक मैन,प्वाइंट मैन,स्टेशन मास्टर समेत अन्य रेलवे कर्मचारियों को सजगता बरतने के निर्देश पहले ही जारी किये जा चुके हैं। भविष्य में इस प्रकार की अप्रिय घटनाओं से बचाव के लिये आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, सीसीटीवी और ड्रोन जैसी तकनीक अपनाने पर भी विचार किया जा रहा है।

अब पंजाब में ट्रेन पलटाने की साजिश: ट्रैक पर लगाया सरिया

बठिंडा, 22 सितंबर (एजेंसी)। बठिंडा-दिल्ली रेलवे लाइन पर असामाजिक तत्वों ने रविवार सुबह रेलगाड़ी को डीरेल करने का दुस्साहस किया। हालांकि, रेलवे कर्मचारियों की मुस्तैदी के चलते बड़ा हादसा होने से बच गया। फिलहाल इस मामले की रेलवे अधिकारी, आरपीएफ व जिला पुलिस जांच कर रही है। सुबह तीन बजे बठिंडा-दिल्ली रेलमार्ग पर मालगाड़ी गुजर रही थी। गाड़ी गति धीमी होने के कारण ट्रैक पर रखा गया सरिया लोको पायलट व रेलवे स्टाफ को दिखाई दे गया, जिसके बाद तुरंत मालगाड़ी को रोक दिया गया। इसके बाद गाड़ी के स्टाफ ने इस मामले की सूचना आरपीएफ एवं स्थानीय पुलिस को दी। अधिकारियों के साथ जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर देखा कि रेलवे ट्रैक के बीच में किसी ने मोटा सरिया रखा था, जिससे ट्रेन के डीरेल होने का खतरा था। बता दें कि देशभर में बीते 24 घंटे में डीरेल करने की तीसरी कोशिश है। गनीमत रही कि सुबह यहां से मालगाड़ी गुजर रही थी, जिसकी स्पीड बहुत ही धीमी थी, जिससे लोको पायलट को सरिया दिखाई दे गया। अगर यहां से एक्सप्रेस गाड़ी गुजर रही होती, तो नुकसान अधिक हो सकता था। रेलवे सूत्रों की मानें तो यहां गाड़ी को करीब 45 मिनट तक रोके रखा गया, जिससे यहां से गुजरने वालीं करीब छह गाड़ियां प्रभावित हुईं।

ट्रेन पलटाने की साजिश का खुलासा

रामपुर, 22 सितंबर (एजेंसी)। नैनी जन शताब्दी ट्रेन को पलटाने की साजिश में राजकीय रेलवे पुलिस(जीआरपी) ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जीआरपी ने दावा किया है कि नशे के लिए दोनों बिजली का खंभा चोरी कर ले जा रहे थे। इस बीच ट्रेन आने के कारण आरोपी खंभा ट्रैक पर ही छोड़कर भाग निकले। जीआरपी ने किसी तरह की साजिश होने से भी इनकार किया है। बुधवार तड़के देहरादून से काठगोदाम जा रही नैनी जन शताब्दी एक्सप्रेस के लोको पायलट ने रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के पहले ट्रैक पर लोहे का खंभा देखा। इसके बाद इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक ली। खंभा हटाने के बाद वह ट्रेन लेकर रुद्रपुर स्टेशन पहुंचा। उसकी घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। इससे रेलवे अफसरों के साथ जीआरपी व पुलिस प्रशासन में भी खलबली मच गई थी। पुलिस-प्रशासन और रेलवे अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जीआरपी व आरपीएफ ने मामले की जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो दो आरोपी खंभा हटाते दिखाई दिए। इसके बाद तफ्तीश शुरू कर दी थी। पुलिस जगह-जगह दबिश थी। रविवार को जीआरपी ने दो लोगों को पकड़ लिया। जीआरपी के थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए लोगों में बिलासपुर थाने के मलिक फार्म निवासी सन्नी ऊर्फ सनिया ऊर्फ संदीप चौहान पुत्र तेजपाल और बिलासपुर के ही सोढ़ी कॉलोनी निवासी विजेंद्र ऊर्फ टिंकू हैं। बताया कि दोनों नशे के आदी हैं। नशे के लिए चोरी भी किया करते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार की रात को दोनों रेलवे स्टेशन के पास पड़े लोहे का पोल चोरी करने के लिए गए थे। पटरियों से होकर वह लोग गुजर ही रहे थे कि अचानक से नैनी जन शताब्दी ट्रेन आ गई। इसके बाद वह 35 किलो के खंभे को ट्रैक पर फेंक भाग खड़े हुए।

'फुल स्पीड में चलेगा बुलडोजर': असीम अरुण

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार की बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है, लेकिन यूपी सरकार के हौसले अभी भी बुलंद हैं। सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण का दावा है कि यूपी सरकार का बुलडोजर अभी भी पूरी स्पीड से चलता रहेगा। यूपी में दस विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव भी होने हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय अपनी जगह है। मैं उस पर टिप्पणी नहीं कर सकता। लेकिन यह अवश्य कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश में अपराध को लेकर कोई समझौता न पहले किया गया था, न अब किया जाएगा। जहां तक बुलडोजर से कार्रवाई की बात है, कोई भी कार्रवाई कानून के दायरे में रहकर की गई है। जो नियम-कायदे हैं, उनका पूरा पालन करते हुए की गई है। बुलडोजर बिल्कुल चलेगा और फुल स्पीड में चलेगा।

विशाल व्यापारी महासम्मेलन में व्यापारियों का सैलाब

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बुस.)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल (रजि.) ने, आज 22 सितम्बर 2024 दिन रविवार को, मुजफ्फरनगर में कूकड़ा चौक के निकट, मधुर मिलन पैलेस में, अपना वार्षिक प्रांतीय व्यापारी महासम्मेलन आयोजित किया, जिसमें संपूर्ण उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ, मुख्य अतिथिगण चौधरी लक्ष्मी नारायण (गन्ना व चीनी कैबिनेट मंत्री उ. प्र. सरकार), कपिल देव अग्रवाल [कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार], प्रवीण खंडेलवाल (राष्ट्रीय महासचिव कॉनफैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं सांसद- चांदनी चौक दिल्ली) संजीव बालियान (पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार), हरेंद्र मलिक (सांसद मुजफ्फरनगर), वीरपाल निर्वाल (अध्यक्ष जिला पंचायत मुजफ्फरनगर), मुजफ्फरनगर बुलेटिन के मुख्य संपादक अंकुर दुआ और मीनाक्षी स्वरूप (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर) ने दीप प्रज्ज्वलित कर, विवेक दायिनी मां शारदे की वन्दना तथा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. नेकीराम गर्ग को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। संगठन के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कार्यक्रम की सराहनीय अध्यक्षता की तथा प्रदेश महामंत्री तिलक राज अरोरा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गर्ग, प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास जैन, प्रदेश वरिष्ठ प्रचार मंत्री अनिल कंसल, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रदीप भारद्वाज, प्रदेश मंत्री हर्षवर्धन जैन, प्रदेश अध्यक्ष महिला रश्मि गुप्ता एवं संगठन के संरक्षक प्रमुख उद्योगपति अंकुर गर्ग, भीमसैन कंसल, पूर्व आई जी विजय गर्ग ने मंच के माध्यम से भारत सरकार के मंत्रीगण एवं सांसद गण के समक्ष व्यापारियों की विभिन मांगे रखी। कार्यक्रम का सुंदर संचालन, प्रदेश युवा महामंत्री जयवीर सिंह एवं नगर महामंत्री सुमित गर्ग ने संयुक्त रूप से किया तथा पूरे प्रदेश के सातों मंडलों से आए व्यापारीगण का स्वागत नगर अध्यक्ष नरेंद्र मित्तल, नगर अध्यक्ष युवा राजीव सिंघल, अलमासपुर इकाई के महामंत्री सुनील सैनी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवीर वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री ओमकार अहलावत, जिला अध्यक्ष राम कुमार तायल, नगर अध्यक्ष नरेंद्र मित्तल तथा प्रदेश संयुक्त संगठन मंत्री दीपक वर्मा ने किया तथा सभी व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन की बागड़ोर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतवीर वर्मा, जिला युवा अध्यक्ष सरदार तरणजीत सिंह, नगर अध्यक्ष युवा राजीव सिंघल, नगर महामंत्री युवा नवीन मित्तल, नई मंडी संरक्षक कमल किशोर गोयल, अध्यक्ष प्रवीण जैन, नई मंडी कोषाध्यक्ष विमल प्रसाद गुप्ता, अलमासपुर इकाई के महामंत्री सुनील सैनी, जिला महामंत्री बागेश अग्रवाल, अलमासपुर अध्यक्ष शिवकुमार चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवीर सिंह राठी, नगर उपाध्यक्ष युवा संजय गुप्ता, नगर संगठन मंत्री युवा चिराग गोयल, नगर युवा मंत्री श्रवण गोयल, हरीश चौधरी, मनमोहन गोयल, नगर युवा महामंत्री हर्ष सिंघल, प्रकाश मार्केट के अध्यक्ष हर्ष संगल, अमित गुप्ता, आदि ने संभाली। व्यापारियों ने मुख्य रूप से निम्न मांगे की- प्रदेश के 60 वर्ष से ऊपर के व्यापारियों के लिए तत्काल प्रभाव से पेंशन योजना लागू करना, व्यापारियों के स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर होना, जीएसटी की जटिलताओं को समाप्त कर सरलीकरण किया जाना, कमर्शियल विद्युत दरें घरेलू दरों के बराबर होना, व्यापारी की जीवन दुर्घटना बीमा राशि 10 लाख से बढ़कर 20 लाख करना, व्यापारियों को आयुष्मान योजना में शामिल किया जाना, मंडी समिति शुल्क पूर्णतया समाप्त किया जाना, सभी विभागों में पंजीयन आजीवन होना, सरकारी अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न बंद होना, व्यापारियों को प्राथमिकता पर शस्त्र लाइसेंस जारी होना और लखनऊ में व्यापार भवन बनना। विचारों की श्रृंखला में महिला प्रदेश महामंत्री गंगा रस्तोगी, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, प्रदेश मंत्री ज्योति मोहन गोयल, वरिष्ठ उद्योगपति कुश पुरी, सुरेन्द्र अग्रवाल, शिव नारायण, कृष्ण गोपाल मित्तल ने अपने विचार रखे और मंत्रीगण, सांसदगण और चेयरपर्सन ने हर प्रकार से व्यापारियों का साथ देने तथा उनकी समस्याओं का निराकरण करने का वायदा किया।

सभी आगंतुकगणों ने कार्यक्रम की व्यवस्था, सुबह के नाश्ते और दोपहर के भोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में निम्न व्यापारियों ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया- सुनील तायल, नगर ऑडिटर अजय गर्ग ,राजीव गुप्ता अमर रेवड़ी, कुलदीप मित्तल नगर मंत्री, संजीव अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष व अमित अग्रवाल महामंत्री प्रकाश मार्केट, नगर युवा अध्यक्ष राजीव सिंघल अलमासुर से सुनील कुमार, सुभाष सैनी, प्रदीप सैनी, संजय उपाध्याय, राकेश सैनी सोहनलाल अग्रवाल, पुरकाजी ईकाई अध्यक्ष शंकर लाल गोयल, तनवीर आलम, पंडित भानू शर्मा व इस्तखार आदि मौजूद रहे।

आज भी व्यापारियों के साथ हूं, कल भी था और हमेशा रहूंगा : संजीव बालियान

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। प.उ.प्र. संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल रजि. के कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार ने व्यापारियों के लिए क्या किया और क्या नहीं किया यह व्यापारी खुद जानते हैं। अपने दस वर्ष के कार्यकाल में जो भी दिक्कतें व्यापारियों को आई, उनका निस्तारण कराने का प्रयास किया गया। बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ की बात को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि वास्तव में अफसरशाही सिर चढ़कर बोल रही है। उनके कार्यकाल में भी जीएसटी के 12-14 हजार पुराने नोटिस व्यापारियों को आए थे, जिनमें से चार से पांच हजार नोटिसों का निस्तारण हाथोंहाथ करा दिया गया था। और अब खुद सरकार अफसशाही पर लगाम लगाने में लगी हुई है। चूंकि वे भाजपा सरकार में दस साल मंत्री रहे हैं और व्यापारियों से सीधा संवाद उनका रहा है, ऐसे में आज भी कोई परेशानी हो तो वे व्यापारियों के साथ हमेशा खड़े मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वे कल भी व्यापारियों के साथ थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे।

सीएम तक पहुंचाएंगे व्यापारियों की समस्या का ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन : कपिल देव

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। व्यापारियों के कार्यक्रम में अतिथी के रूप में मौजूद रहे राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भाजपा सरकार की सराहना करते हुए व्यापारियों को आश्वासन दिया कि वे उनकी ग्यारह की ग्यारह समस्याओं का निस्तारण कराने का प्रयास तो करेंगे ही, हर समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे।

साथ ही साथ प.उ.प्र. संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग को स्वयं मुख्यमंत्री से मिलवाने का काम करेंगे।

वे उनके साथ स्वयं जाएंगे और जिस हद तक हो सकेगा, समस्याओं का निस्तारण होगा।

पिछली सरकारों से बेहतर कार्यकाल, मगर सिर चढ़कर बोलते हैं अधिकारी : अंकुर दुआ

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने बोलते हुए कहा कि मंच पर आने के बाद सम्पादक सरकार और विपक्ष दोनों के बीच में पिस जाता है। सरकार की बुराई करो तो सरकार के बुरे बनो और विपक्ष की बुराई तो विपक्ष टेढी आंखों से देखता है मगर सही को सही और किसने क्या किया यह समीक्षा करना ही सम्पादक का काम है। 2017 से पहले जहां व्यापारी को दो चार लाख रुपये भी अपने ही शहर में इधर से उधर भेजने के लिए चार आदमी साथ भेजने पड़ते थे वह सुरक्षा देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज दी है कि आज चाहे दस लाख रुपये भी कहीं भेज दो, आम आदमी सुरक्षित महसूस करता है वहीं भाजपा सरकार की कमियों में शुमार अफसरशाही की चर्चा जोरों शोरो से की। उन्होंने कहा कि अफसरशाही इतनी हावी हो चुकी है कि जीएसटी विभाग 2017 के बही खाते खोलकर 2024 में उन्हें नोटिस भेजकर व्यापारियों का लगातार उत्पीड़न कर रहा है और इस पर सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। ऐसे में सरकार से अनुरोध है कि अधिकारियों को अपने समकक्ष तो बैठा लें मगर उन्हें सिर पर बैठाने का काम न करे।

प्रदेश अध्यक्ष ने किया सबका आभार व्यक्त

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहे व्यापारियों के बड़े नेता एवं प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने भाजपा सरकार के मंत्रियों संजीव बालियान, कपिल देव अग्रवाल का मुख्यमंत्री तक उनकी बात पहुंचाने पर हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए आए हुए अन्य अतिथियों हरेन्द्र मलिक, अंकुर दुआ का भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने अपना कीमती समय व्यापारियों के कार्यक्रम में दिया और अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि हम सब मिलकर व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं का हर हाल में निराकरण कराकर ही रहेंगे उसके लिए फिर चाहे आन्दोलन करना पड़े या अन्य कोई रास्ता अपनाना पड़े।

कपिल देव का वश चले तो मेरी भी वोट ले जाए : सांसद हरेन्द्र मलिक

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। वर्तमान सांसद हरेन्द्र मलिक ने व्यापारियों के कार्यक्रम में सरकार से विभिन्न मांगे व्यापारियों के लिए की और कहा कि व्यापारियों के हित में जो भी उन्हें आदेश मिलेगा वे करने को तैयार हैं। व्यापारियों के लिए वे अपने सीने पर गोली भी खा लेंगे। जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने की मांग उन्होंने सरकार से की और कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न बंद होना चाहिए। अपने विचार रखते हुए जब राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल उनके बाद कार्यक्रम में पहुंचे तो उन्होंने माहौल को हल्का व खुशनुमा बनाते हुए कहा कि कपिल देव अग्रवाल बेशक सत्ता में हों मगर उसके मधुर सम्बंधों के नाते मैं कह रहा हूं कि उसका वश चले तो वह मेरी भी वोट अपनी पार्टी के नाम करा ले। औधे में तो वह मेरे से बड़ा है, मगर उम्र में छोटा होने के नाते मैं उसे तू कहकर बुला लेता हूं।

कलाल महासभा की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार मंथन

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। कलाल महासभा जनपद मुजफ्फरनगर कार्यकारिणी की एक विशेष बैठक का आयोजन कलाल महासभा अध्यक्ष प्रमोद कर्णवाल के आनंदपुरी आवास पर किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता रोहिताश कर्णवाल एड. एवं संचालन शैलेंद्र कर्णवाल ने किया। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों से कलाल महासभा की कार्य प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए सुझाव लिए। इस बीच महासभा की ओर से क्षेत्र वाइज टीमों का गठन किया गया जिसमें मुजफ्फरनगर, भोपा, खतौली एवं छपार आदि क्षेत्रीय टीमों का गठन किया गया। बैठक में शुक्रताल में धर्मशाला बनाना, समाज के होनहार बच्चों को प्रोत्साहन देना, विवाह परिचय सम्मेलन कराना व दीपावली मिलन समारोह आदि आयोजित करने पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया कि कलाल महासभा अध्यक्ष प्रमोद कर्णवाल की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष डॉ. प्रवेश कर्णवाल महासभा का कामकाज संभालेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से विजय कर्णवाल, डॉ. प्रवेश कर्णवाल, संजय कर्णवाल, राजीव कर्णवाल, नानक चंद वालिया, ऋषिराज वालिया, प्रदीप वालिया, शैलेंद्र कर्णवाल, अरुण कर्णवाल, मुकेश कर्णवाल, बिजेंद्र कर्णवाल, राजेश कर्णवाल, योगेश, सोनू, नीरज और केतन कर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

आग से किसान की 18 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख

चरथावल, 22 सितम्बर (बु.)। ग्राम क्यामपुर में विद्युत तार टूटकर ईख के खेत में गिरने से किसान की 18 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। वहीं सूचना पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा एवं ब्लॉक अध्यक्ष पवन त्यागी ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार हरेंद्र पाल व बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर मुआवजे की मांग की गई। चरथावल विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम क्यामपुर में विद्युत तार टूटकर गन्ने के खेत में गिर जाने किसान की 18 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसान को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। वहीं सूचना पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के युवा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा एवं ब्लॉक अध्यक्ष पवन त्यागी ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार हरेंद्र पाल व बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर मुआवजे की मांग की गई।

आवारा पशु की मौत, संस्कार पर शासन खामोश

चरथावल, 22 सितम्बर (बु.)। चरथावल विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम चौकड़ा में एक आवारा पशु की मौत हो गई। गांव में श्मशान की सुविधा न उपलब्ध होने व बार-बार प्रशासन से मांग करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के चरथावल विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम चौकड़ा में श्मशान की सुविधा न उपलब्ध होने व बार-बार प्रशासन से मांग करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नेता काला प्रधान चौकड़ा ने कहा कि हम प्रशासन से पूछना चाहते हैं कि शिकायत के बाद भी प्रशासन द्वारा क्यों संज्ञान नही लिया जा रहा है। इस पर जल्द ही सज्ञान लिया जाये, नहीं तो मजबूरन एक हमे आन्दोलन करना पड़ेगा। इस मौके पर कय्यूम त्यागी व ग्राम प्रधान महिपाल कश्यप,नोमान त्यागी, शमीम त्यागी, पवन त्यागी दुकानदार और काफी ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया।

शातिर आरोपी तमंचे समेत पकड़ा

छपार, 22 सितम्बर (बु.)। शातिर अपराधी तमंचे समेत पकड़ लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शस्त्र अधिनियम में जेल भेज दिया। छपार थाना प्रभारी ने बताया कि उप निरीक्षक रोहित कुमार की टीम ने जय भगवानपुर गांव जाने वाले रास्ते से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का तमंत्रा मिला। उससे पूछताछ की गई, तो पता चला कि पकडा गया आरोपी आशिफ पुत्र गय्यूर निवासी रामपुर चुंगी थाना गंगनहर जनपद हरिद्वार उत्तराखंड का रहने वाला है तथा उसके खिलाफ विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

दहेज हत्या में फरार 2 महिलाओं सहित 4 आरोपियों के मकान पर ढोल बजाकर नोटिस किया चस्पा

चरथावल, 22 सितम्बर (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम दूधली में रविवार को पुलिस ने ढ़ोल बजाकर एवं मुनादी कराकर दहेज हत्या में फरार चल रहे दो महिलाओं सहित 4 अभियुक्तों के मकान एवं सार्वजनिक स्थलों पर धारा 82 सीआरपीसी का नोटिस चस्पा कर दिया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में बिरालसी चौकी इंचार्ज जयकिशोर ने पुलिस टीम के साथ मिलकर रविवार को थानाक्षेत्र के ग्राम दूधली में ढोल बजाकर एवं मुनादी कराकर दहेज न्यायालय के आदेश पर थाने में पंजीकृत मुकदमा संख्या 126/24 व धारा 498अ, 304इ, 316,506 सहित कई धाराओं में फरार चल रहे वंदना पुत्री कुलभूषण, कुसुम पत्नी कुलभूषण, मोहित पुत्र कुलभूषण, कुलभूषण पुत्र सूरज निवासीगण ग्राम दूधली थाना चरथावल के मकान एवं सार्वजनिक स्थल पर 82 सीआरपीसी का नोटिस चस्पा कर दिया। आपको बता दें कि चरथावल थाने में पंजीकृत मुकदमें में लंबे समय से सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस के द्वारा कई बार दबिश देने के बावजूद भी अभी तक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग पाए हैं, जिसके चलते न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धारा 82 सीआरपीसी का नोटिस चस्पा किया है।

एसडीएम सदर ने तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटवाया

छपार, 22 सितम्बर (बु.)। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने ग्रामीणों की शिकायत पर टीम के साथ पहुंच तालाब से अवैध कब्जा हटवाया गया। मेघाखेड़ी गांव के ग्रामीणों ने गांव के तालाब पर कुछ लोगों द्वारा मिटटी भराव कर अवैध रूप से तालाब की भूमि पर कब्जे करने की शिकायत समाधान दिवस में की गई थी, जिस पर एसडीएम सदर ने राजस्व निरीक्षक कृष्णचंद, लेखपाल शियानंद, सचिन बालियान व पुलिसबल के साथ गांव में तालाब पर पहुंच निरीक्षण कर वहां से अवैध कब्जा हटवाकर अवैध कब्जा करने वालों को चेतावनी दी गई। यदि भविष्य में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया गया, तो कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

पुलिस अधिकारी बताकर महिला से उसके पुत्र को छोड़ने के नाम पर पचास हजार ठगे

- पाकिस्तानी मोबाईल नम्बर से व्हाट्सएप कॉल कर रुपये ठगे

मीरापुर, 22 सितम्बर (बु.)। मीरापुर के गांव भूम्मा निवासी एक महिला के फोन पर पाकिस्तानी नम्बर से व्हाट्सएप कॉल कर एक ठग ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर महिला के पुत्र को एक युवती के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में गिरफ़्तार करने की बात बताकर उसके पुत्र को छोड़ने की एवज में महिला से 50 रुपये ठग लिए। गांव भुम्मा निवासी दीपिका पत्नी निपुल के मोबाईल पर रविवार की सुबह पाकिस्तान के नम्बर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपने आपको एक पुलिस अधिकारी बताया और कहा कि उन्होंने एक युवती के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में उनके पुत्र कार्तिक को मीरापुर से गिरफ्तार किया है। ठग ने कार्तिक की आवाज में किसी से उसकी माँ की बात कराई तो महिला घबरा गई और अपने पुत्र को छोड़ने की गुहार फोनकर्ता से लगाई, जिसकी एवज में फोनकर्ता ने पचास हजार रुपये की मांग की, जिस पर घबराई महिला ने अपनी पुत्री से ठग द्वारा बताये गये नम्बर में 50 हजार रुपये डलवा दिये। कुछ समय बाद कार्तिक के मीरापुर से लौटने पर महिला को ठगी का पता चला। पीड़िता की पुत्री ने अज्ञात ठग के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। मामले पर कार्यवाहक इंस्पेक्टर सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना के बाद कि गयी प्राथमिक जांच में नम्बर पाकिस्तान का निकला है। अभी गहनता से जांच की जा रही है।

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

बच्चों के विवाद में दो पक्षों में चले धारदार हथियार

सिखेड़ा, 22 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव भिक्की में बच्चों की मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में धारदार हथियार चल गए। थाना क्षेत्र के गांव भिक्की में अनिल कुमार, काला, संदीप व बिट्टू के बच्चे गली में खेल रहे थे। खेलते खेलते किसी बात को लेकर बच्चों में आपस में कहा सुनी हो गई। बच्चों ने यह बात अपने घर बताई तो एक पक्ष ने धारदार हथियार में लाठी-डंडे लेकर अनिल कुमार पुत्र जोगिंदर कुमार के घर पर हमला बोल दिया।

अनिल उसके एक भाई और उसकी मां की पिटाई कर दी, जिसमें तीनों को चोटे आई हैं। अनिल कुमार ने काला पुत्र सकटू व संदीप पुत्र कन्हैया और बिट्टू पुत्र राजवीर के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी ने बताया की धारदार हथियार से हमला करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज करके कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

285 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

खतौली, 22 सितम्बर (बु.)। सिद्धपीठ श्री दुर्गा मंदिर द्वारा गीता ज्ञान महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित बाल विकास प्रतियोगिता में लगभग 285 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार श्री कुंद-कुंद जैन पब्लिक स्कूल में सिद्धपीठ श्री दुर्गा मंदिर द्वारा सनातन धर्म के प्रसार प्रचार के साथ साथ बच्चों को भारतीय संस्कृति को समझाने के उद्देश्य से आयोजित बाल विकास प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 285 बच्चों ने भाग लिया, जिन्होंने गीता के श्लोकों और धार्मिक मूल्यों के महत्व पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाये। श्री दुर्ग मंदिर के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में नैतिक व धार्मिक शिक्षा का विकास करना तथा उन्हें हमारे प्राचीन ग्रन्थों और धर्म शिखा से अवगत कराते हुए राष्ट्र का जिम्मेदर नागरिक बनाना है। इस अवसर पर श्री दुर्गा के प्रधान तेजेन्द्र भाटिया, दीपक चड्ढा, राजीव ग्रोवर, धीरज सूरी, गौरी शंकर नारंग, दिनेश, मनीष आदि सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को आगामी 28 सितम्बर को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरण किया जायेगा। नगर क्षेत्र में प्रथम बार सनातन धर्म के प्रचार प्रसार हेतु आयोजित बाल विकास प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया, जिसको लेकर प्रतियोगिता के आयोजकों में अपार खुशी नजर आई।

आज महावीर चौक बिजली घर से जुड़े फीडरों पर आपूर्ति रहेगी बाधित

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। महावीर चौक बिजलीघर के 11 केवी सरकुलर रोड फीडर से पोषित जर्जर एलटी लाईन एवं क्षतिग्रस्त पोल को बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण प्रातः 09 बजे से दोपहर 2 बजे तक उक्त क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सोमवार को जर्जर तारों को बदलने के चलते महावीर चौक बिजलीघर के 11 केवी फीडर फक्करशाह से पोषित शहीद चौक पर स्थित उक्त 1000 केवीए ट्रांसफार्मर की जर्जर एलटी लाईन एवं क्षतिग्रस्त पोल को बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण प्रातः 9 बजे से सायं 04 बजे तक उक्त ट्रांसफार्मर एवं नुमाइश उपकेंद्र से पोषित लोहिया बाजार में स्थित 1000 केवीए ट्रांसफार्मर की विद्युत आपूर्ति विद्युत सुरक्षा के दृष्टिगत प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक बाधित रहेगी।

पुलिस ने विभिन्न मामलों में सात पकड़े

पुरकाजी, 22 सितम्बर (बु.)। पुलिस ने हवाई फायरिंग करने वाले दो आरोपियों समेत आधा दर्जन लोगों को पकड़ जेल भेजा गया। पुरकाजी थाना प्रभारी के अनुसार हरजिन्द्र सिंह उर्फ लाढ़ी पुत्र गुरदयाल व सुखजिन्द्र उर्फ काका पुत्र मुख्तार सिंह निवासीगण गांव दादुपुर थाना पुरकाजी द्वारा अपना वर्चस्व दिखाने को लेकर एक दूसरे पर हवाई फायरिंग की गई। सूचना पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को 315 बोर के दो तमंचों के साथ पकड़ लिया गया, जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया। वहीं पुलिस ने थाना क्षेत्र के भोजाहेड़ी गांव में एक जूनियर हाईस्कूल में जुआ खेलते अजय पाल, राजेन्द्र, शान आलम, कन्हैया को पकड़ा गया, जिनके पास से जुआ खेलने के उपकरण समेत नगदी बरामद कर जुआ अधिनियम में चालान किया गया। वहीं पुलिस ने तुगलकपुर गांव के जंगल से रजनीश पुत्र सुखबीर निवासी गांव तुगलकपुर को चौबीस देशी शराब के पव्वों के साथ पकड़ केस दर्ज कर चालान किया गया।

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

उभरते शैतान, रहना होगा सावधान

इन दिनों देशभर में अजीब से मिजाज के शैतान सर उठा रहे हैं, जो दहशत गर्दी ही का दूसरा पहलू है। कहीं जब गुनहगारों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस जाती है, तो वे पुलिस पर भी हमला कर देते हैं। सियासत से जो अहमकाना बयानबाजी हो रही है, उसमें भी देश विरोधी बकवास ज्यादा है, जिससे आतंकवादी खुश हो रहे हैं। इन दिनों जो समाचार मिल रहे हैं, उनमें पुलिस पर हमले, रेलवे ट्रेक पर खम्बे आदि रखकर रेल को पटरी से उतारने के मंसूबे चल रहे हैं और कमाल की बात यह है कि बड़बोले नेता तक इन उभरते हुए शैतानों की हरकतों पर खामोश हैं। दुनिया भर में अशांति है, जहां तक हमारा मानना है और ज्यादातर लोग भी महसूस करते हैं कि भारत देश से अधिक सुरक्षित देश, किसी के भी रहने के लिए नहीं है। चाहे कोई भी हो हिंदू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई, जैन या अन्य कोई मजहब यहां सब अम्न महसूस करते हैं और आर्थिक रूप से भी सम्पन्न हैं। जो देश सभी का कल्याण करता हो वहां यदि ऐसी घटिया, शैतानी सोच सामने आएगी, तो हर हाल में देश में आने वाले समय में अशांति का माहौल बनेगा। अपनी-अपनी कौम के लोगों को ऐसी अनुचित बातों से रोकना होगा, जो सार्वजनिक रूप से खुलकर सामने आ चुकी हैं कि कौन आपको मूत्र पिला रहा है, कौन आपकी रोटी पर थूक रहा है, कौन रेलवे लाइन पर कुछ रखकर रेल को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहा है। आखिर ऐसी घटनाएं क्यों हो रहीं हैं, कि हर चौथे दिन रेलवे ट्रैक पर कुछ न कुछ मिल रहा है, जो गुनहगार सीधे-सीधे गोली नहीं चला पा रहे हैं, वे दूसरी तरह का उपद्रव छेड़ने को तैयार बैठे हैं। इस समय देश के अंदर ऐसी शैतानी घटनाएं हो रही हैं कि कुछ समझ में नहीं आ रहा और जो समझ में आ रहा है उसे बोलना भी खतरे से खाली नहीं है। लगता तो यह है इस देश को भी बांग्लादेश बनाने की तैयारी चल रही है, चन्द शैतान नहीं चाहते कि देश में अम्न हो। उत्तर प्रदेश में ट्रेनों को पलटाने की लगातार साजिश रची जा रही है। कानपुर, गाजीपुर और अलीगढ़ के बाद रामपुर जिले में ऐसी ही घटना सामने आई है। रेलवे ट्रैक पर टेलीफोन का खंभा रखकर नैनी एक्सप्रेस ट्रेन को पलटाने की कोशिश की गई। पुलिस और आरपीएफ ने मौके पर पहुंच मुआयना किया। उत्तर प्रदेश के रामपुर में बलवंत एन्क्लेव कॉलोनी के पास अराजक तत्वों ने रेल की पटरी पर टेलीफोन तार लगाने में इस्तेमाल होने वाला एक पुराना खंभा रख दिया, हालांकि ट्रेन चालक के आपातकालीन ब्रेक लगाने से हादसा टल गया। घटना रामपुर से लगभग 43 किलोमीटर दूर रुद्रपुर सिटी रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेल मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने ट्रेन पलटाने की कोशिश की आशंका जताते हुए कहा, 18 सितंबर को रात 10 बजकर 18 मिनट पर ट्रेन संख्या 12091 के लोको पायलट ने रुद्रपुर सिटी के स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि उसे बिलासपुर रोड और रुद्रपुर सिटी के बीच ट्रैक पर छह मीटर लंबा लोहे का खंभा मिला। इससे पहले गाजीपुर सिटी स्टेशन के पास इस प्रकार की साजिश रची गई थी। शैतानों ने गेट नंबर 27-28 के बीच रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का टुकड़ा रख दिया था। इससे स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस टकरा गई थी। हादसे के समय ट्रेन की रफ्तार करीब 100 किमी प्रति घंटे की थी। इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बाद भी लकड़ी से इंजन टकरा गया, जिससे इंजन में फंसकर लकड़ी का बोटा घिसटते हुए करीब 400 मीटर आगे तक गया। इस दौरान 6 पेन्ड्राल क्लिप अलग-अलग दूरी पर रगड़ से निकल गए। वहीं, ट्रेन का इंजन भी फेल हो गया। जांच में लगीं एजेंसियां और पुलिस इसे साजिश, चुनौती या शरारत मानकर कार्रवाई को आगे बढ़ा रही हैं। ऐसी ही एक शैतानी कोशिश में नवरगंज-कासगंज रूट पर कानपुर से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस पलटने से बच गई। ट्रैक पर भरा सिलिंडर रख ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश रची गई थी। बर्राजपुर और बिल्हौर के बीच तेज रफ्तार ट्रेन जब सिलिंडर से टकराई तो तेज आवाज हुई। इसके बाद लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। रेलवे व आरपीएफ अधिकारियों को घटनास्थल से सिलिंडर के अलावा कांच की बोतल, माचिस और एक संदिग्ध झोला मिला है। झोले में बारूद जैसी कोई सामग्री थी, वहीं बोतल में संदिग्ध तरल पदार्थ था, जिसकी जांच की जा रही है। अलीगढ़ में तालसपुर गांव के पास रेलवे लाइन पर बाइक का रिम रखकर मालगाड़ी को गिराने की साजिश की गई। गनीमत थी कि मालगाड़ी की स्पीड कम थी और रिम जैसे ही इंजन से टकराया चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर मालगाड़ी को रोक दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। उत्तर प्रदेश में उपद्रवी तत्व, शैतानी अनासिर कुछ ज्यादा ही सिर उठाने लगे हैं। जून के महीने से ऐसा महसूस किया जा रहा है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं, कि वे पुलिस पर भी हमला कर रहे हैं। पीलीभीत में पुलिस टीम पर हमला हुआ। एसआई सौरभ कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वे वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में निकले थे। उन्हें सूचना मिली कि चिड़ियादाह गांव में जीशान नाम का युवक खुलेआम तमंचा लेकर घूमते हुए लोगों को डरा-धमका रहा है। जीशान शातिर किस्म का अपराधी होने के साथ सट्टा और मादक पदार्थों की तस्करी भी करता है। सूचना के बाद सुनगढ़ी पुलिस एसओजी टीम के सहयोग से गांव पहुंची तो जीशान टहलता मिला। पुलिस को देख आरोपी ने तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने घेराबंदी कर किसी तरह आरोपी युवक को पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर थाने लाने के लिए लौटने लगी। इस पर आरोपी ने भाई व दोस्तों को आवाज देकर बुलाना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में आरोपी का भाई नदीम और आजम के अलावा गांव का ही फारुख, इरफान, इकरार, परवेज, इकरार, अनवर, सद्दाम, नाजिम व तज्जमुल समेत कुछ अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। धक्का-मुक्की करते हुए आरोपी को छुड़ाने की कोशिश करने लगे। युवकों ने हाथापाई भी की। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान उनकी वर्दी के बटन टूट गए, जबकि आरक्षी संजीव कुमार की वर्दी का शोल्डर फट गया। अतिरिक्त फोर्स पहुंचने पर पुलिस के सख्ती करने पर आरोपी रात का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। बठिंडा और कानपुर में फिर चलती ट्रेन को डिरेल करने की साजिश नाकाम हुई है। बठिंडा में रेलवे ट्रैक पर सरिये का बंडल रखा था, लेकिन कैबिन मैन और रेल ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। कानपुर में प्रेमपुर स्टेशन के पास ट्रैक पर सिलेंडर रखकर ट्रेन को पलटाने का प्रयास किया गया है। लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की सतर्कता से संभावित दुर्घटना बच गई है। ऐसे सभी तत्वों पर कानूनी शिकंजा कसा रहना चाहिए।

चार तीर

सुनील उत्सव

"दुश्मन" "वक़्त" "रेल" "बंडल"

सरिये का बंडल कहीं पर और कहीं खम्बा मिला,
रेल की पटरी पे शैतानों की हरकत देखिये।
देश के दुश्मन,हमारे देश के अन्दर भी हैं,
वक़्त आया है के अब उनको जरा पहचानिये।

34वां श्याम वंदना महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बुस.)। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के द्वारा 34वां श्याम वंदना महोत्सव बड़ी धूमधाम से नई मंडी रामलीला भवन में मनाया गया, जिसमें श्याम बाबा का भव्य दरबार लगाया गया। एक प्राचीन कथा के अनुसार एक गाय प्रतिदिन एक ही जगह पर जाकर स्वयं दूध दे देती थी जब वहाँ पर खुदाई हुई, तो वहीं से श्याम बाबा के शीश का प्रकट होना माना जाता है। उसी दृश्य को दिखाते हुए दरबार लगवाया गया और गुफा में बैठे हुए श्याम बाबा फूलों के श्रृंगार में सजकर बहुत मनमोहक लग रहे थे। मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा नेता सचिन सिंघल उपस्थित रहे। कपिल देव अग्रवाल ने मेरा

आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, भजन भी गाया और कहा कि समिति ने बाबा के मंदिर बनाने का संकल्प लिया, लेकिन समिति में

आपस में छोटी-मोटी बातों पर विवाद हो गया था, जो कि श्याम बाबा की कृपा से अब खत्म हो चुका है और आज सभी सदस्य एक ही मंच पर दिखाई दे रहे हैं। मंत्री जी ने कहा कि समिति में हुए विवाद से मुझे भी बहुत कष्ट हुआ था, क्योंकि माननीय मंत्री ने मनीष अग्रवाल और अचिन सागर गर्ग को अपना दाया हाथ और बाया हाथ बताया। मुख्य यजमान के रूप में अरविंद बंसल मिर्च वाले और अरुण गर्ग पेपर वाले, राजेन्द्र गुप्ता और राजकुमार सिंघल आटे वाले रहे। जयपुर से आये हुए भजन गायक तृप्ति लड्डा और सौरभ शर्मा ने बाबा को और प्रेमियों को खूब रिझाया। बाबा के प्रेमियों से पूरा पंडाल भरा हुआ था। समिति की ओर से छप्पन भोग, इत्रवर्षा ओर बाबा की कृपा से बाबा के सभी प्रेमियों के लिये भोजन प्रसाद की व्यवस्था की हुई थी। समिति के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल,अचिन सागर गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, राजीव गर्ग, संजीव गर्ग, रिंकू गर्ग, राजीव बंसल, अनुज गर्ग, विनीत सिंघल, राहुल सिंघल, अचिन बंसल, मोहित बंसल, अंशुल, सागर, अभिषेक सागर, राजकुमार जिंदल, नरेंद्र गर्ग, अंकित गर्ग, मयंक अग्रवाल, अतुल गर्ग टीटू, संजीव अग्रवाल, निष्काम गर्ग, रचित सिंघल, कृष्ण बंसल, श्रेय मित्तल, राघव मित्तल, शुभम गुप्ता, अनिल गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, अभिषेक तायल, हर्षित अग्रवाल, प्रिंस चावला, निक्की, अर्पित सिंघल, गट्टू, शास्वत गोयल, अनुराग, अवि, प्रांशु बंसल, वासु, विपुल गर्ग, लोकेश बंसल, अनुज जिंदल, उत्सव जैन एवं श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के सभी एकादशी सदस्य मौजूद रहे।

डॉ. मधु सिंघल की पुण्य तिथि पर कैंसर के प्रति जागरूकता

- सरवाइकल कैंसर में वैक्सीन लगाने को महिलाओं को किया प्रेरित

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। मेरठ रोड स्थित सिंघल नर्सिंग होम संतोष हॉस्पिटल पर रविवार को जनपद की वरिष्ठतम महिला चिकित्सक स्व. डॉ. मधु सिंघल की तेरहवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धाभाव से याद किया गया। इस दौरान नर्सिंग होम में डॉ. हेमी सिंघल ने कैंसर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं में कैंसर से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सरवाईकल कैंसर वैक्सिन के प्रति जागरूक करने के साथ वैक्सिन अवश्य लगाए जाने के लिए प्रेरित किया। कैंसर जैसी बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्होंने असुविधा से बचने को नर्सिंग होम पर इस वैक्सिन डोज लगाने के लिए 8800567610 पर संपर्क कर बुकिंग कराने की सलाह दी है। मेरठ रोड स्थित सिंघल नर्सिंग होम पर स्वर्गीय डॉ. मधु सिंघल की पुण्यतिथि पर डॉ. हेमी सिंघल ने बताया कि आम बोलचाल की भाषा में सर्वाइकल कैंसर को बच्चेदानी के मुंह का कैंसर कहते है, जो महिलाओं के

सर्विक्स सेल्स में विकसित होता है। ये हिस्सा यूट्रस यानि बच्चेदानी के निचले हिस्से यानि बच्चेदानी के मुंह का वह हिस्सा है जो सीधे वेजाइना से जुड़ता है। ये कैंसर एक स्पेशल प्रकार के एचपीवी, सेक्सुअल ट्रांसमिटेड इंफेक्शन के कारण फैलता है। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के मामले दुनिया में तेजी से बढ़े हैं, लेकिन लाइफ स्टाइल में कुछ बदलाव करके इससे बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों की पहचान और निदान के लिए सक्षम बनाने के साथ एचपीवी के टीके व मासिक धर्म के समय स्वच्छता जरूरी है। वहीं इनका कहना है कि कुछ सावधानियां रखीं जाएं तो सर्वाइकल कैंसर का खतरा टाला जा सकता है। जनपद की वरिष्ठतम महिला चिकित्सक रही स्वर्गीय डॉ. मधु सिंघल की पुण्य तिथि पर नर्सिंग होम में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. विकास सिंघल के साथ अन्य चिकित्सक व स्टाफ मौजूद रहा

केशवपुरी सरस्वती शिशु मंदिर में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। विद्या भारती अखिल भारतीय संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर केशवपुरी में कक्षा प्ले से प्रथम तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया। इस कार्यक्रम में श्याम लाल बंसल, डॉ. विजय टंडन, संजय अग्रवाल व कौशल आर्य प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ पुष्पार्चन कर शुभारंभ किया। शिशु की शिक्षा में अभिभावक व आचार्य की सहभागिता भिन्न- भिन्न रूपों में उपयोगी हो, विषय पर चर्चा के दौरान नूतन मित्तल आचार्या ने बताया कि शिशु में जन्मजात सभी गुण विद्यमान होते हैं, अभिभावक व आचार्य उन्हें मात्र निखारने का कार्य करते हैं। संजय अग्रवाल व्यवस्थापक ने बताया कि वर्तमान भाग दौड़ की जिंदगी में अभिभावक अपने शिशु को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं, जिससे शिशु का पूर्ण विकास होना कठिन होता है। इस बीच अभिभावकों ने समस्याएं रखने के साथ शिशु विकास में सहायक उपयोगी सुझाव दिए। जिनका सभी अभिभावकों ने अनुसरण का आश्वासन दिया। कौशल आर्य प्रधानाचार्य ने शिशु विकास में उपयोगी सभी व्यवस्थाएं करने का संकल्प दोहराया। सारिका शर्मा आचार्य ने कार्यक्रम संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईश्वर दत्त शर्मा, रेखा वर्मा, रजनी गर्ग, नीरु शर्मा, ज्योति बाधवा आदि का सहयोग रहा।

दिल्ली में उत्कृट पत्रकारिता से रोहिताश वर्मा को किया गया पुरस्कृत

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बुस.)। दिल्ली पब्लिक लाईब्रेरी में साहित्यिक संस्था हिंदी-उर्दू अदबी संगम व विचार लहर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में जिले के पत्रकार रोहिताश कुमार वर्मा को उत्कृष्ठ पत्रकारिता से पुरस्कृत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि नई दिल्ली महानगर पालिका के संयुक्त निदेशक अब्दुल वहीद अंसारी, इंडिया हज सोसायटी के चेयरमैन मुकित खान, सरंक्षक, डॉ. पूनम गोड़ व कार्यक्रम संयोजक एवं संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सैयद अली अख़्तर नक्वी आदि ने हरियाणा, पंजाब, चंड़ीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक आदि प्रांतों से चयनित लेखक, शिक्षक व पत्रकार बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया गया, जिसमें जिले से 25 वर्षों से ग्रामीण पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य कर रहे रोहिताश कुमार वर्मा को उत्कृष्ठ पत्रकारिता से पुरस्कृत किया गया। इससे पहले भी श्री वर्मा को भारतीय प्रेस परिषद के द्वारा ग्रामीण पत्रकारिता में राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के रामकुमार शर्मा, रालोद के मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, जोगिंदर वर्मा, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष केपी सिंह, जिला अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रधानाचार्य कैप्टन डॉ. प्रवीण चौधरी, एनसीसी के कर्नल अरविंद सिवाच आदि ने उन्हें बधाई दी है।

तीन सप्ताह बाद छेड़छाड़ व मारपीट कर मुकदमा दर्ज

पुरकाजी, 22 सितम्बर (बु.)। पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव नूरनगर निवासी महिला अंजू शर्मा की तहरीर पर तीन सप्ताह बाद छेड़छाड़ व मारपीट कर धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीडित महिला ने तहरीर में बताया कि 30 अगस्त को वह अपनी जेठानी व परिजनों के साथ पुरकाजी से गांव जा रही थी। रास्ते में तहरीर नामजद लोगो ने उसके व जेठानी के साथ छेड़छाड़ की, जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे के सरियों से परिजनों के साथ मारपीट कर धमकी दी। पुलिस ने नामजद आरोपी गांव नूरनगर निवासी अमित, रोहित, गोकल, सोनू, शिवदयाल के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

गांव भोजाहेड़ी में चार जुआरी दबोचे

पुरकाजी, 22 सितम्बर (बु.)। पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव भोजाहेड़ी के जंगल में जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार कर मौके से हजारों रुपये की नकदी व ताश की गड्डी बरामद की थी। पुलिस ने एसएसआई इंतजार अहमद की तरफ से मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किये जुआरियों राजेन्द्र, कन्हैया, शान आलम व अजय निवासीगण गांव भोजाहेड़ी का चालान कर दिया है।

भाविप समृद्धि द्वारा गुरुवंदन, छात्र एवं गौरवशाली व्यक्तित्व अभिनन्दन

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बुस.)। भारत विकास परिषद समृद्धि द्वारा सांस्कृतिक सप्ताह समापन एव गुरुवंदन, छात्र एव गौरवशाली व्यक्तित्व अभिनंदन कार्यक्रम कूकड़ा चौक मुजफ्फरनगर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके पश्चात वन्दे मातरम हुआ। गणेश वंदना बिटिया दृष्टि अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत की गई। क्षेत्र एव प्रान्त से उपस्थित अनुराग दुबलिश, विनीत सिंघल, प्रमोद गर्ग, आलोक भटनागर, अनुराग सिंघल, सरल माधव, संदीप जैन अंशु गोयल,परमकीर्ति शरण , शिशुकान्त गर्ग का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में पंकज बंसल ने सभी का सांस्कृतिक सप्ताह में योगदान के लिए धन्यवाद किया। छात्र एव छात्रों को प्रशस्ति पत्र एव उपहार देकर अभिनंदन किया। उपस्थित अतिथियों, शाखा संरक्षक विनोद संगल, संदीप जैन, अरुण खेण्डलवाल, नवीन सिंघल, राजेन्द्र सिंघल, डॉ. प्रवेश कुमार(विकास रतन) द्वारा गौरवशाली व्यक्तित्व में प्रेमप्रकाश अग्रवाल, कुश पुरी, ई. वी.डी. गुप्ता, डॉ. राजवीर सिंह मलिक, चारु गुप्ता का शॉल ओढ़ाकर एव प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डॉ. प्रवेश कुमार द्वारा बताया गया। 2 शाखा परिवारों को समयबद्धता में चांदी के सिक्के उपहार में दिए गए। कार्यक्रम के बीच मे अनेक लकी ड्रा निकाले गए। कार्यक्रम चेयरमैन नवीन सिंघल एव आशीष अग्रवाल रहे। सभी ने साथ में अध्यक्ष पंकज बंसल, सचिव अचिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमर माहेश्वरी, महिला संयोजिका रिचा गुप्ता द्वारा सभी का आभार प्रकट किया।

जनपद में पहली अक्टूबर से शुरू होगी धान की खरीद, 9 क्रय केंद्रों पर होगी खरीद

- धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये किया घोषित - ग्रेड-ए के धान समर्थन मूल्य 2320 रुपये प्रति कुंतल तय

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। योगी सरकार ने धान की खरीद के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक अक्टूबर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक नवंबर से धान खरीद शुरू होगी। धान खरीद के लिए एक सितंबर से किसानों का पंजीकरण शुरू हो गया है, जिसमें प्रदेश में लगभग 18 हजार किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। इस बार सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये व ग्रेड-ए के धान का समर्थन मूल्य 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। प्रदेश के सभी जिलों में किसानों से धान बिक्री के लिए 3411 क्रय केंद्र निर्धारित किए हैं। कृषि विभाग के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर में इस वर्ष धान उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। योगी सरकार की पहल पर जनपद में शुरू व्यवस्था के बीच अक्टूबर माह में नवीन मंडी धान और गुड़ की आवक से महक उठेगी, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। इस कड़ी में पहली अक्टूबर से धान की खरीद को जनपद में शुरू किया जा रहा है, जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है। धान खरीद के लिए नौ क्रय केन्द्र बनाए गए है। इन क्रय केन्द्रों पर धान खरीद की जाएगी। वहीं इस बीच मंडी में गुड़ की भी आवक शुरू हो जाने की उम्मीद बढ़ती जा रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस बार जनपद में धान की बुवाई करीब 10 हजार हेक्टयर से कहीं अधिक हुई है। कहना गलत न होगा कि किसानों ने इस बार जमकर धान की बुवाई की है। किसानों द्वारा अधिकांश बासमती की बुवाई की है। नवागंतुक डीएम उमेश चन्द्र मिश्रा ने धान की खरीद को लेकर जनपद में अभी से तमाम तैयारियां शुरू करा दी है। उन्होंने धान की खरीद के लिए जनपद में नौ क्रय केन्द्र बनाए हैं। खाद्य विभाग द्वारा नवीन मंडी स्थल मुजफ्फरनगर के अलावा कस्बा पुरकाजी, चरथावल, जानसठ और मोरना में क्रय केन्द्र बनाए हैं। वहीं पीसीएफ की ओर से मार्केटिंग नई मंडी स्थल के अलावा एसएसएस शेरपुर एवं एसएसएस हुसैनपुर रामराज में भी क्रय केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अलावा भारतीय खाद्य निगम की ओर नवीन मंडी स्थल पर एक क्रय केन्द्र बनाया गया है। पहली अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो जाएगी। उधर जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रवीण प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में एक अक्टूबर से धान की खरीद को शुरू किया जाएगा। इसके लिए नौ क्रय केन्द्र बनाए गए हैं। धान खरीद के लिए सभी तैयारी व व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त कर लिया जाएगा, ताकि किसानों से धान खरीद के दौरान कोई भी परेशानी न हो।

जन्म दिन पर प्रीति पाल को भेंट किए 1 लाख 31 हजार रुपये

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। मीरापुर विधानसभा के गाँव हाशमपुर मे पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और भाजपा नेता अमित राठी ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में देश का नाम रोशन करने वाली बेटी प्रीति पाल के घर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं व भाजपा परिवार की और से 1 लाख 31 हजार रुपये की धन राशि बेटी के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहन के रूप में भेंट करते हुए केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। साथ मे अमित राठी क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा, मदन पाल, तरुण पाल, हरेंद्र शर्मा, अरुण शर्मा, अरविंद लिली, शुभम, कार्तिक काकरान, रविकांत प्रधान, ओम प्रकाश पाल, प्रमोद पाल व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

सरयू तट रामलीला की सीता कविता जोशी का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। अयोध्या में सरयू तट पर मंचित राम लीला में माता सीता की भूमिका निभाकर सुर्खियां बटोरने वाली देहाती फिल्म स्टार कविता जोशी का आज यहां जोरदार स्वागत किया गया। कविता जोशी दिल्ली की लव कुश रामलीला में भी माता सीता का किरदार निभाती हैं । वह कई टीवी सीरियल में भी काम कर चुकी हैं 100 से अधिक फिल्मों और 500 से अधिक गानों में कविता अभिनय कर चुकी हैं। जिनमें से अधिकांश हिट है। कविता जोशी आज मुजफ्फरनगर के जाट कॉलोनी स्थित फिल्म अभिनेता विकास बालियान के आवास पर पहुंची और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। कविता जोशी ने बताया कि वह शीघ्र ही मुजफ्फरनगर में एक नई फिल्म का निर्माण करेंगे। उनके इंस्टाग्राम पर 12 लाख से अधिक फॉलोअर हैं तो वहीं फेसबुक पर उनके प्रशंसकों की संख्या 72 लाख से भी अधिक है। वहीं उनका यूट्यूब चैनल कविता जोशी ऑफिशियल पर भी 7.15 लाख सब्सक्राइबर हैं। कविता जोशी के स्वागत में भावना चौधरी, रिया चौधरी, सुमन बालियान, चिराग बालियान, एल एन सिंह, फिल्म अभिनेता आदित्य राठी, विजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र, नीलम वाणी रिकॉर्ड्स म्यूजिक के स्वामी विनय पवार आदि उपस्थित थे।

नेत्र चिकित्सा शिविर का 90 लोगों ने उठाया लाभ

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बुस.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को आयोजित हुए निःशुल्क विराट नेत्र रोग चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा 90 नेत्र रोगियों का परीक्षण कर उपचार लाभ प्रदान करते हुए उचित चिकित्सा परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया। एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय हरबंस लाल गोयल एवं स्वर्गीय विमलावती देवी की पुण्य स्मृति में वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान, गाजियाबाद के सहयोग से रविवार को आँखों के निःशुल्क विराट चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल द्वारा विधिवत रूप से किया गया। शिविर के आयोजन के सम्बंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि संस्थान के चिकित्सकों ने शिविर में आये 90 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया, इनमें से 12 लोगों के नेत्रों में मोतियाबिन्द पाये जाने पर उनकी सहमति पर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है। चौथे रविवार 27 अक्टूबर 2024 को प्रातः 9.30 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। शिविर में वरदान सेवा संस्थान की टीम से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित प्रजापति, मणिप्रकाश त्यागी, डॉ. अजहर हुसैन, सचिन कुमार और अनिल कुमार आदि ने अपनी सेवा प्रदान की।

नाली विवाद में मारपीट कई लोग गम्भीर घायल

पुरकाजी, 22 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव चानचक में दो पक्षों में नाली को लेकर विवाद हो गया है। दोनों पक्ष के लोगों में जमकर हुई मारपीट में कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिसमें 62 वर्षीय ठाकुर दास व 65 वर्षीय सुरेशो देवी सहित रूपचन्द व मनजीत आदि घायल हो गये। घायल ने मारपीट करने वाले नरेश, गौतम, विशाल के विरूद्ध थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया तथा मामले की जांच कर रही है।

स्वर्ण पदक जीतने वाली गोल्डी राणा का अभिनंदन

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। राज्य स्तर पर भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली कु. गोल्डी राणा का आज भव्य स्वागत किया गया। खतौली के ग्राम पीपलहेड़ा के समस्त ग्रामवासियों के द्वारा रोड शो निकालते हुए कार्यक्रम का आयोजन कर राज्य स्तर पर भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली कु. गोल्डी राणा पुत्री संजय राणा जो इसी ग्राम की निवासी है का स्वागत एवं सम्मान बड़े स्तर पर किया। रोड शो में पहुँचकर भाजपा नेता चौ. जोगिंदर गुर्जर ने बिटिया को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया तथा गुर्जर समाज के अग्रणी, राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रविंद्र सिंह गुर्जर ने बिटिया को आशीर्वाद देते प्रोत्साहित किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

साइबर क्राइम से डरें नहीं, सतर्क रहें: एसपी क्राइम

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। गुडविल सोसायटी की साइबर क्राइम रोकथाम विचार गोष्ठी संपन्न हुई। रेलवे रोड स्थित रेस्टोरेंट पर गुडविल सोसायटी के सौजन्य से आयोजित साइबर क्राइम रोकथाम विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि एसपी क्राइम प्रशांत कुमार ने कहा के इससे डरने की जरूरत न

मोदी ने बिडेन दंपति को दिये अमूल्य उपहार—चांदी की ट्रेन, पश्मीना शॉल

विलमिंगटन (फिलाडेल्फिया) 22 सितंबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमे?रिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन से जब उनके निजी निवास में मुलाकात के वक्त उन्हें भारत की ओर से अमूल्य उपहार भेंट किये तो वह एक व्यक्तिगत एवं भावुक क्षण बन गया। श्री मोदी क्वाड नेताओं की छठवीं शिखर बैठक में भाग लेने शुक्रवार को जब श्री बिडेन के गृहनगर विलमिंगटन में पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले श्री ?बिडेन के निजी निवास पर बिडेन दंपत्ति से मुलाकात की! उल्लेखनीय है कि अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनावों से श्री बिडेन ने अपना नाम वापस ले ?लेने के बाद उनकी पारी का यह आखिरी दौर है। संभवतः श्री मोदी की श्री बिडेन से यह इस पद पर आखिरी द्विपक्षीय मुलाकात थी।

बिडेन दंपत्ति ने श्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को हाथ से चांदी से उत्कीर्ण एक पुराना भाप इंजन से चलने वाली रेलगाड़ी का मॉडल उपहार में दिया। यह पुराना चांदी का ट्रेन मॉडल एक दुर्लभ और असाधारण कलाकृति है जिसे चांदी के समृद्ध शिल्प कौशल की विरासत के लिए प्रसिद्ध महाराष्ट्र के कारीगरों द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया है। 92.5 प्रतिशत चांदी से बना यह मॉडल भारतीय धातु कलात्मकता के भव्यता को प्रदर्शित करता है। इसमें पारंपरिक तकनीकों जैसे उत्कीर्णन, रिपॉसे (उभरे हुए डिजाइन बनाने के लिए पीछे से हथौड़ा मारना) और जटिल फिलाग्री काम आदि शामिल हैं। भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाते हुए, ट्रेन मॉडल को मुख्य गाड़ी के किनारों पर "डेल्ही - डेलावेयर" और भारत में यात्री ट्रेनों पर इंजन के किनारों पर अंग्रेजी और हिंदी में इस्तेमाल किए गए मानक प्रारूप के आधार पर "भारतीय रेलवे" उकेरा गया है। यह उत्कृष्ट कृति न केवल कारीगर के असाधारण कौशल को उजागर करती है बल्कि भारतीय रेलवे के लंबे इतिहास और इसके वैश्विक प्रभावों का एक शानदार प्रमाण भी है।

इसी प्रकार से अमेरिका की प्रथम महिला जिल बिडेन के लिये पेपर मैशी बॉक्स में पैक एक पश्मीना शॉल का उपहार भेंट किया गया। असाधारण गुणवत्ता और अद्वितीय सुंदरता की पश्मीना शॉल जम्मू कश्मीर की कृति है। यह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपने आवास पर स्वागत करते बिडेन तथा नीचे भारतीय समुदाय को सम्बोधित करते पीएम मोदी

लद्दाख के ऊंचे इलाकों में पाई जाने वाली चांगथांगी बकरी की ऊन से बनायी जाती है। इस ऊन अविश्वसनीय रूप से महीन और मुलायम रेशे, जिसे पश्म के नाम से जाना जाता है, को हाथ से कंघी किया जाता है। कुशल कारीगर पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक तकनीकों का उपयोग करके हाथ से पश्म को ऊनी सूत बनाते हैं।

दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे सहित वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने रिश्ते की मजबूती और निरंतर लचीलेपन और दोनों देशों के बीच मानव प्रयास के सभी क्षेत्रों के लिए इसके महत्व पर विश्वास व्यक्त किया।

'भारत अब पीछे नहीं चलता, नेतृत्व करता है' : मोदी

न्यूयॉर्क, 22 सितंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 'अमेरिकन इंडियन स्पिरिट है और यही दुनिया का एआई पावर है। यही एआई स्पिरिट ही भारत-अमेरिका के रिश्तों को नई ऊंचाई दे रहा है। अमेरिकन इंडियन स्पिरिट है और यही दुनिया का एआई पावर है। यही एआई स्पिरिट ही भारत-अमेरिका के रिश्तों को नई ऊंचाई दे रहा है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'अब अपना नमस्ते भी मल्टीनेशनल हो गया है। लोकल से ग्लोबल हो गया है और ये सब आपने (विदेश में रहने वाले भारतीयों ने) किया है। अपने दिल में भारत को बसा कर रखने वाले हर भारतीय ने ये किया है। मैं हमेशा से आपके (भारतीय डायस्पोरा) सामर्थ्य को समझता रहा हूं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आप मेरे लिए हमेशा से भारत के सबसे मजबूत ब्रांड एंबेसेडर रहे हैं। इसलिए मैं आप सबको राष्ट्रदूत कहता हूं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'हम भारतीय जहां भी जाते हैं, सबको परिवार मानकर उनसे घुल-मिल जाते हैं। डायवर्सिटी को समझना, जीना, उसे अपने जीवन में उतारना... ये हमारे संस्कारों में है। कोई तमिल बोलता है... कोई तेलुगु, कोई मलयालम, तो कोई कन्नड़... कोई पंजाबी, कोई मराठी तो कोई गुजराती... भाषा अनेक हैं, लेकिन भाव एक है... और वो भाव है- भारतीयता। हम उस देश के वासी हैं, जहां सैकड़ों भाषाएं और बोलियां हैं, दुनिया के सारे मत और पंथ हैं। फिर भी हम एक बनकर, नेक बनकर आगे बढ़ रहे हैं। दुनिया के साथ जुड़ने के लिए ये हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही मूल्य, हमें सहज रूप से ही विश्व-बंधु बनाती हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि '2024 का ये साल, पूरी दुनिया के लिए बहुत अहम है। एक तरफ दुनिया के कई देशों के बीच संघर्ष है, तनाव है तो दूसरी तरफ कई देशों में लोकतंत्र का जश्न चल रहा है। भारत और अमेरिका लोकतंत्र के जश्न में भी एक साथ है। आपको एक शब्द याद रहेगा PUSHP- पुष्प पी मतलब प्रोग्रेसिव भारत, यू मतलब अनस्टोपेबल भारत, एस मतलब स्प्रिचुअल भारत, एच मतलब ह्यूमैनिटी फर्स्ट को समर्पित भारत, पी मतलब प्रोस्पैरस (समृद्ध) भारत। PUSHP- पुष्प की पांच पंखुड़ियां मिलकर ही विकसित भारत बनाएंगी। हम देश के लिए मर नहीं पाए, लेकिन हम देश के लिए जी जरूर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि 'पहले दिन से मेरा मन और मिशन एकदम क्लीयर रहा है। मैं स्वराज्य के लिए जीवन नहीं दे पाया, लेकिन मैंने तय किया सुराज और समृद्ध भारत के लिए जीवन समर्पित करूंगा। आज भारत दुनिया के सबसे बड़े युवा देशों में से एक है। भारत एनर्जी से भरा हुआ है, सपनों से भरा हुआ है। एक दशक से भारत, 10वें नंबर से पांचवें नंबर की इकोनॉमी बन गया है। अब हर भारतीय चाहता है कि भारत जल्दी से तीसरे नंबर की सबसे बड़ी इकोनॉमी बने।'

अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद के खिलाफ मामला दर्ज

अयोध्या, 22 सितम्बर (वार्ता) समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं फैजाबाद अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अयोध्या नगर कोतवाली के कोतवाल अश्विनी कुमार पाण्डेय ने आज यहां बताया कि पीड़ित रवि कुमार तिवारी निवासी ग्राम पलिया रिसाली हनुमतनगर थाना पूराकलन्दर ने सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद पर जबरन गाड़ी में बैठाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। अपनी तहरीर में रवि कुमार तिवारी ने आरोप लगाया कि अकबरा निवासी शीतला प्रसाद अपनी भूमि बेचना चाहते थे, जिसके बयान के तौर उसने एक लाख रुपया शीतला को दिया था। जिसके बाद उसकी मध्यस्थता से खातेदार ने अजीत प्रसाद व लालबहादुर के नाम बैनामा कर दिया तथा उसे एक लाख का चेक दिया। पीड़ति का आरोप है कि वह 21 सितम्बर की दोपहर स्टेट बैंक सिविल लाइन के सामने खड़ा था जहां से अजीत प्रसाद और राजीव यादव व 15-20 अज्ञात लोगों ने उसे अपने वाहन पर बैठा लिया तथा उसे रिकाबगंज की ओर मारपीट करते हुए ले आये। सदर तहसील के पास गाड़ी खड़ी करके एक लाख रुपये लेने का वीडियो बनाया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए गाड़ी से उतार दिया।कोतवाल अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि पीड़ति रविकुमार तिवारी निवासी ग्राम पलिया रिसाली हनुमतनगर थाना पूराकलन्दर की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता बी.एन.एस. 2023 की धारा 140 (3), 115 (2), 191 (3), 151 (3) की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि मुकदमा पंजीकृत करने के बाद जांच की जा रही है।

आधा दर्जन रेलगाड़ियां घंटों देरी से पहुंची

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। रविवार को मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर करीब आधा दर्जन रेलगाड़ियां देरी से पहुंचने से यात्री हलकान नजर आए। थक हारकर यात्रियों ने बसों का सहारा लिया और उन्हीं में सफर करना उचित माना। मगर लम्बी दूरी की यात्रा तय करने वाले यात्री मजबूरन रेलवे स्टेशन पर ही जमे नजर आए। सबसे ज्यादा देरी से उड़ीसा के पुरी से ऋषिकेश जाने वाली उत्कल कलिंग एक्सप्रेस तीन घंटे से भी अधिक देरी से स्थानीय स्टेशन पर पहुंची वहीं दूसरे नम्बर पर नई दिल्ली से जालंधर शहर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस दो घंटे, तीसरे पर नम्बर पर ऋषिकेष से वापस उड़ीसा के पुरी जाने वाली उत्कल कलिंगा एक्सप्रेस पौने दो घंटे देरी से, प्रयागराज से सहारनपुर जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस एक घंटा, जम्मू से वाडमेर जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस डेढ घंटा व मुम्बई से अमृतसर जाने वाली गोल्डन टैम्पल एक्सप्रेस का भी यही हाल रहा। वह भी पौन घंटा देरी से मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पहुंची। कुल मिलाकर रविवार को पूरा दिन यात्री ट्रेनों के देरी से पहुंचने पर परेशान नजर आए।

आत्महत्या करने वाला युवक रेलवे ट्रैक पहुंचा

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। रविवार को उस समय रेलवे स्टेशन पर साफ सफाई का काम करने वाले रेलकर्मी मिंटू व दीपक हैरत में रह गए जब उन्होंने नशे में धुत्त एक युवक को रेलवे लाइन के बीचोबीच ट्रैक पर लेटे हुए देखा। उक्त दोनों रेलवे कर्मियों ने आनन फानन में उक्त युवक को रेलवे ट्रैक से उठाकर स्टेशन के किनारे बैठाया मगर नशे की हालत में आत्महत्या का पूरा जोश उक्त युवक के अंदर दिखाई दिया। दोनों के हाथों से छूटकर युवक बार-बार ट्रैक की ओर दौड़ रहा था। इस पर कर्मचारियों ने आरपीएफ को इसकी सूचना दी और वहां पहुंचकर नशे की हालत में आत्महत्या करने जा रहे युवक को होश में लाने का प्रयास किया। कुछ होश में आने के बाद युवक को स्टेशन से वापस लौटाया गया।

अपने ही पैसे मांगने पर पिता-पुत्र पर दुकानदार को पीटने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। सदर बाजार स्थित आरएस रेडीमेड गार्मेन्ट्स के नाम से दुकान चलाने वाले दो सगे भाई अंकित व रजत तथा उनके पिता पर एक व्यापारी ने ही मारपीट का आरोप लगाया है। रेडीमेड गार्मेन्ट्स व्यापारी शहर कोतवाली के रामपुरी क्षेत्र के निवासी हैं तथा मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, दिल्ली आदि से रेडीमेड गार्मेन्ट्स की खरीदारी व बिक्री करते हैं। मोहल्ला महमूदनगर के साजिद ने बताया कि उक्त तीनों ने उसकी दुकान से लाखों रुपये का माल खरीद रखा है, लेकिन आरोप है कि लाखों रुपये उधार हो जाने के बाद उक्त तीनों ने उसका कोई भुगतान नहीं किया। जब व्यापारी साजिद ने उन पर दबाव बनाया तो तीनों लोगों ने मिलकर तीन चैक 6 लाख रुपये के साजिद को दिये मगर जब चैक भुगतान के लिए बैंक में लगाए गए तो उनके खाते में पैसे ही नहीं थे। इस कारण कोई भुगतान नहीं हो पाया। आरोप है कि रविवार की सुबह साजिद जब रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था तो दोनों भाई और उसके पिता ने उसके साथ मारपीट की। साजिद का कहना है कि जब उक्त तीनों मिले तो उसने अपने पैसों का तकादा फिर एक बार किया। साजिद का कहना है कि राहगीरों की मदद से उसने एक भाई रजत व उसके पिता नरेन्द्र को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भाई अंकित मौके से भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने उक्त मामले की तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

कुरुक्षेत्र में किसान महापंचायतः

किसानों का बड़ा ऐलान, 3 अक्टूबर को देशभर में करेंगे रेल ट्रैक जाम

कुरुक्षेत्र, 22 सितंबर (एजेंसी)। कुरुक्षेत्र के पिपली में पान मजदूर मोर्चा वी एस के एम के आह्वान पर आज पिपली अनाज मंडी में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में हरियाणा के अलावा पंजाब और राजस्थान से भी बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों की महापंचायत में यह निर्णय लिया गया कि 3 अक्टूबर को पूरे देश में रेल ट्रैक जाम रखा जाएगा। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचारों का समय आ गया है, और अब किसान इसका बदला लेंगे। उन्होंने घोषणा की कि 3 अक्टूबर को दोपहर 11:30 बजे से 2:30 बजे तक पूरे देश में रेलरोको आंदोलन होगा। सरवन सिंह पंधेर के साथ इस महापंचायत में जगजीत सिंह डल्लेवाल, अमरजीत सिंह मोहड़ी समेत कई प्रमुख किसान नेता भी शामिल हुए।

बादल हुए खामोश तो सूरज दिखा रहा रोष, पारा 35 डिग्री

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। बादलों की रफ्तार थमते ही गर्माहट की रफ्तार बढ़ गई है। इसके चलते तापमान फिर 35 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी का यह दौर जारी रहेगा। मानसून अभी गया नहीं है। 25 सितंबर के बाद इसमें बदलाव की संभावना है। बारिश के चलते 25 डिग्री तक चला गया पारा फिर 35 डिग्री पर पहुंचने के साथ गर्मी का अहसास बढ़ गया है, हालांकि सुबह शाम थोड़ी राहत है। सूर्य के दक्षिणायण होने के बावजूद अभी धूप तीखी है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली एनसीआर में बुधवार(18 सितंबर) को दिनभर मौसम में बदलाव लाने वाला चक्रवाती परिसंचरण अब कमजोर हो गया है। अब एक कमजोर परिसंचरण पूर्वोत्तर राजस्थान और उसके आसपास के क्षेत्रों में बना हुआ है। मानसून ट्रफ का पश्चिमी छोर दिल्ली से थोड़ा दक्षिण की ओर खिसक गया है, हालांकि यह बहुत दूर नहीं है। इस ट्रफ के आसपास, तापमान बढ़ने और हल्की नमी वाली हवाओं के कारण दोपहर के समय कुछ ऊंचे बादल बन सकते हैं। सितंबर के महीने में पहले ही सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है। अगले कुछ दिनों में दिल्ली/एनसीआर में बारिश होने की संभावना नहीं है। हालांकि, जल्दी ही बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक और मानसून प्रणाली बनने की संभावना है। इस मौसम प्रणाली के देश के मध्य भागों से गुजरने के बाद दिल्ली और आसपास के इलाकों में 25 सितंबर के बाद किसी भी समय मानसून गतिविधि फिर से शुरू हो सकती है। इसका मतलब यह भी है कि 25 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से मानसून की वापसी तय समय सीमा से आगे खिसक जाएगी।

नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हरिद्वार। नकली नोट छापकर मार्केट में चलाने वाले गिरोह का खुलासा कर पुलिस ने दो सगे भाइयों सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से 2.25 लाख के 500 के नकली नोट बरामद हुए हैं। नकली नोटों की छपाई में इस्तेमाल दो लैपटॉप, दो प्रिंटर, अन्य उपकरण, दो बाइक, पांच मोबाइल बरामद हुए हैं। बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पत्रकारों को बताया, बुधवार सुबह पुलिस टीम ने सुमननगर पुलिया दो बाइकों पर चार संदिग्धों की तलाशी ली। उनके कब्जे से 500 के कई नकली नोट बरामद हुए। आरोपियों ने अपने नाम सौरभ निवासी देवबंद, सहारनपुर, निखिल निवासी सरसावा, सहारनपुर, अनंतबीर निवासी छावनी हापुड़, नीरज निवासी देवबंद, सहारनपुर बताए।

योगी ने हिंदुओं को चेताया, बोले- बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे

लखनऊ, 22 सितंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हरियाणा के चुनावी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नरवाना, राई और असंध विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा की। योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों के बलबूते हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाने का आह्वान किया। कांग्रेस-इनेलो, बसपा व आम आदमी पार्टी उनके निशाने पर रही। कांग्रेस पर तंज कसते हुए सीएम योगी ने असंध में कहा कि कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा। इसे ऑक्सीजन दोगे तो यह सुरक्षा में सेंध लगाएगी। सीएम कांग्रेस, इनेलो, आप और बसपा पर हमलावर रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा नरवाना से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कृष्ण कुमार बेदी के पक्ष में हुई। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में पांच सौ वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हो चुके हैं। 1947 में आजादी के बाद पं. जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री बने थे। वे भी राम मंदिर बना सकते थे। उस समय विवाद भी इतना नहीं था। आजादी के तत्काल बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया तो इसके जिम्मेदार सेक्युलरिज्म का लबादा जोड़ने वाले दल हैं। प्रभु राम के नाम से कांग्रेस व इनेलो को परेशानी होती थी। इनका प्रयास भारत की आस्था व महापुरुष का अपमान करना था। भाजपा ने विवाद समाप्त कराए और राम मंदिर का निर्माण कराया। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया। कांग्रेस व इनेलो परिवारवाद में मस्त हैं। यह कभी प्रभु श्रीराम-श्रीकृष्ण तो कभी आंबेडकर का अपमान करते हैं। सत्ता मिलने पर अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार, सुरक्षा में सेंध व दंगा कराते हैं। यही कारण है कि सबसे लंबे समय तक शासन करने के बावजूद कांग्रेस महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों के नाम पर विकास योजनाओं का नामकरण करती थी।

सीएम की गाड़ी जाम में फंसी, टीआई और टीएसआई निलंबित

ग्रेटर नोएडा, 22 सितंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफिले के परी चौक के पास जाम में फंसने के मामले में यातायात निरीक्षक (टीआई) संजय पाल और उप निरीक्षक (टीएसआई) प्रभाकर चौहान को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री 11 सितंबर को सेमीकॉन इंडिया-2024 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट आए थे। वहां से गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) के गेस्ट हाउस जाते समय उनका काफिला परी चौक पर जाम में फंस गया था। हालांकि पुलिस अधिकारी निलंबन की वजह इस घटना को नहीं बता रहे हैं। अहम है कि 11 सितंबर की शाम करीब 5 बजे मुख्यमंत्री इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर पहुंचे थे। उस समय तेज बारिश हो रही थी। करीब एक घंटा मार्ट में तैयारियों का जायजा लेने और अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद मुख्यमंत्री को जीबीयू गेस्ट हाउस पहुंचना था। नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन के पास बने अंडरपास से होकर उन्हें सीधे जीबीयू की ओर जाना था। भारी बारिश के चलते अंडरपास में जलभराव की स्थिति हो गई। इसके चलते मुख्यमंत्री के काफिले को परी चौक होकर निकालने का फैसला लिया गया। एक्सपो मार्ट से परी चौक की ओर जाम में मुख्यमंत्री का काफिला फंस गया। आसपास मौजूद वाहन चालकों और राहगीरों ने मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। वायरल वीडियो पर लोगों ने खूब टिप्पणी की थी। यह भी कहा गया कि इस घटना ने ट्रैफिक प्रबंधन की खामियों को उजागर कर दिया है। इसी के चलते कार्रवाई की गई है।

अमेरिका ने भारत को 297 पुरावशेष लौटाए

न्यूयॉर्क /नयी दिल्ली 22 सितंबर (वार्ता) अमेरिका ने घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को ध्यान में रखते हुए और अधिक सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने के लिए भारत से चुराकर अमेरिका पहुंची 297 प्राचीन दुर्लभ कलाकृतियां और पूरा अवशेषों को भारत को सौंपे है। अमेरिका ने यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बीच उठाया है। भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश विभाग के शैक्षिक और सांस्कृतिक मामलों के ब्यूरो और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने इसे पूरा करने के लिए जुलाई 2024 में एक सांस्कृतिक संपत्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए सहयोग बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा जून 2023 में जारी संयुक्त बयान में भी प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गई थीं । कार्यालय की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी की वर्तमान अमेरिका यात्रा के अवसर पर अमेरिकी पक्ष ने भारत से चोरी या तस्करी की गई 297 पुरावशेषों की वापसी की सुविधा प्रदान की। इन्हें शीघ्र ही भारत वापस लाया जाएगा। एक प्रतीकात्मक प्रस्तुति में विलमिंगटन, डेलावेयर में उनकी द्विपक्षीय बैठक के मौके पर श्री मोदी और श्री बाइडेन को कुछ चुनिदा टुकड़े दिखाए गए। प्रधानमंत्री ने इन कलाकृतियों की वापसी में समर्थन के लिए राष्ट्रपति श्री बाइडेन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ये वस्तुएं न केवल भारत की ऐतिहासिक भौतिक संस्कृति का हिस्सा थीं, बल्कि इसकी सभ्यता और चेतना के आंतरिक केंद्र का निर्माण करती थीं। विज्ञप्ति में बताया गया है कि ये पुरावशेष 2000 ईसा पूर्व से 1900 ईस्वी तक लगभग 4000 वर्षों की समयावधि के हैं और इनकी उत्पत्ति भारत के विभिन्न हिस्सों में हुई है। अधिकांश पुरावशेष पूर्वी भारत की टेराकोटा कलाकृतियाँ हैं, जबकि अन्य पत्थर, धातु, लकड़ी और हाथीदांत से बने हैं और देश के विभिन्न हिस्सों से संबंधित हैं। सौंपे गए कुछ उल्लेखनीय पुरावशेष इस प्रकार हैं।

10-11वीं शताब्दी ई.पू. की मध्य भारत की बलुआ पत्थर की अप्सरा;
15-16वीं सदी के मध्य भारत के कांस्य से निर्मित जैन तीर्थंकर;
पूर्वी भारत से तीसरी-चौथी शताब्दी के टेराकोटा फूलदान;
पहली शताब्दी ईसा पूर्व-पहली शताब्दी सीई से संबंधित दक्षिण भारत की पत्थर की मूर्ति;
17-18वीं सदी के दक्षिण भारत के कांस्य में भगवान गणेश;
उत्तर भारत के बलुआ पत्थर से बने खड़े भगवान बुद्ध, 15-16वीं सदी के;
पूर्वी भारत से 17-18वीं सदी के कांस्य में भगवान विष्णु;
2000-1800 ईसा पूर्व की उत्तर भारत की तांबे की मानवरूपी आकृति;
17-18वीं सदी के दक्षिण भारत के कांस्य निर्मित भगवान कृष्ण,
दक्षिण भारत के ग्रेनाइट से बने भगवान कार्तिकेय, 13-14वीं शताब्दी ई.पू. के हैं।

हाल के दिनों में सांस्कृतिक संपत्ति की बहाली भारत-अमेरिका सांस्कृतिक समझ और आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गया है।

भाकियू तोमर के कार्यकर्ता की गर्दन काटने की दी धमकी

▸ जिला पंचायत सदस्या के पति के विरुद्ध थाने में दिया धरना

बुढ़ाना, 22 सितम्बर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन तोमर के बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष पंकज गुर्जर के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुढ़ाना कोतवाली में धरना दिया। आरोप है कि चौकी पर हो रहे दो पक्षों में फैसले कराने के दौरान जिला पंचायत सदस्या के पति ने भाकियू तोमर के एक पदाधिकारी की गर्दन काटने की बात पुलिस के समक्ष कहीं। जिसको लेकर भाकियू तोमर में आक्रोश है। बताया जाता है कि बुढ़ाना कोतवाली के गांव जौला में दो भाइयों में जमीनी विवाद हो गया था। दोनों पक्षों का फैसला कराने के लिए जिला पंचायत सदस्या के पति मोमीन हसन और दूसरी तरफ से भाकियू तोमर के मंडल उपाध्यक्ष साजिद अहमद प्रयासरत थे। गांव जौला में ये फैसला तो नहीं हो सका, तो आज गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी में दोनों पक्षों को बुलाया गया और फैसले की बात शुरू हो गयी। हालांकि पुलिस पीड़ित पक्ष की और से रिपोर्ट दर्ज करने को तैयार थी, लेकिन ग्राम के लोगों ने पुलिस की खुशामद कर फैसले की बात कही। आज जब फैसला हो रहा था तो किसी बात पर मोमीन हसन ने साजिद को पुलिस के सामने ऐलानिया धमकी दी कि तेरी गर्दन उतार दूंगा और गाली गलौच भी की। इस दौरान पुलिस ने दोनों को बीच बचाव करा दिया। इस बात की सूचना साजिद ने भाकियू ब्लाक अध्यक्ष पंकज गुर्जर को दी तो वे कार्यकर्ताओं को लेकर थाने आ गये और धरना शुरू कर दिया और मोमीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। धरने पर जमशेद, महताब, मकबूल, हुकुमद्दीन तावली, नौशाद और आकिल आदि मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था। कोतवाल आनंद देव मिश्र सभी को समझाने में लगे थे।

ट्रक से टकराकर घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान हुई मौत

सिखेड़ा, 22 सितम्बर (बु.)। शनिवार की देर शाम को एक बाइक में अज्ञात ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार दंपति घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर एक घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार की देर शाम जनपद मेरठ के थाना हस्तिनापुर क्षेत्र के गांव तारापुर निवासी 38 वर्षीय लक्ष्मण पुत्र धर्मपाल सिंह अपनी पत्नी ममता के साथ बाइक द्वारा मुजफ्फरनगर अपने भाई से मिलने जा रहे थे। जैसे ही यह लोग पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिखेड़ा अंडरपास के नीचे पहुंचे तो सामने से तेजी से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद लक्ष्मण का एक पर ट्रक के पहिए के नीचे कुचल गया। पत्नी ममता टक्कर लगकर दूर गिर गई। सड़क पर गिरने से दोनों घायल हो गए, जिसमें लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर लक्ष्मण की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देकर मेरठ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया, जहां पर उसका उपचार चल रहा था। रविवार को उपचार के दौरान लक्ष्मण की मेरठ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। मौत की सूचना से स्वजन में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

69000 शिक्षक भर्ती: सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई आज

लखनऊ, 22 सितंबर (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच के 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर दिए गए निर्णय को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार 23 सितंबर को फिर सुनवाई होगी। 9 सितंबर को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगाई थी। साथ ही सभी पक्ष को नोटिस जारी करते हुए अपना पक्ष रखने को कहा था। 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर काफी समय से युवा आंदोलन कर रहे हैं। साथ ही कोर्ट में भी इसकी लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी क्रम में इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में पुरानी सभी सूची निरस्त करते हुए आरक्षण के नियमों के अनुसार नई सूची बनाने का निर्देश दिया था। इसके बाद आरक्षित और चयनित दोनों अभ्यर्थियों ने धरना, प्रदर्शन किया था।

'सामान लेने से पहले पूछो, जानो और जवाब न दे तो ठोको...' साध्वी प्राची

गाजियाबाद, 22 सितंबर (एजेंसी)। मूत्र और थूक जिहाद के विरोध में लोनी के टीला शाहबाजपुर गांव स्थित शिव मंदिर में ग्रामीणों द्वारा रविवार को महापंचायत में आए संतों ने चार सूत्रीय मांग को लेकर लोनी विधायक और एसीपी को ज्ञापन सौंपा। पंचायत में स्वामी यशवीर महाराज, साध्वी प्राची, राजेंद्र महाराज, महंत

मूत्र और थूक जिहाद पर गरजे हिंदू धर्माचार्य

मंगल पांडे, दीपांकर महाराज, दयाल महाराज, अशोक महंत और डॉक्टर आयुषी राणा मुख्य रूप से पहुंची। महापंचायत में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी पहुंचे। पंचायत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रहा। महापंचायत में आई साध्वी प्राची ने अपने तीखे बोल से जिहादियों पर निशाना साधते हुए कहा कि बाहर किसी व्यक्ति से सामान खरीदने से पहले उसे रोको, पूछो, जानो और जवाब ना दे तो फिर ठोको। साध्वी प्राची ने कहा, 'फादर और चादर के साथ हिंदुओं के गद्दारों से सनातनियों के धर्म भ्रष्ट करने की तैयारी चल रही है। इस साजिश को बेनकाब करके दिखाना है। जातियों की दीवारों को तोड़कर चादर फादर को हटाइए। अब सनातनियों को बचाइए। आजादी के बाद देश के टुकड़े हुए थे, जो भाईचारे वाला गैंग कहता है ना कि साध्वी प्राची भाईचारा खत्म करना चाहती हैं। हिंदुओं को चार बनाकर निपटा रहे हैं, लेकिन तुम अपनी राजनीतिक रोटियां सीखने से बाज नहीं आ रहे हो।' दीपांकर महाराज ने कहा कि जो लोग जूस में मूत्र